

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 23 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष -41 ■ अंक-334 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 24 नवंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## आबकारी और डीएमएफ मामले में एसीबी-ईओडब्ल्यू का 18 स्थानों पर छापा

### पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास और कारोबारी हरपाल अरोरा के ठिकानों पर दबिश

**रायपुर,23 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

आज सुबह एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने सक्रिय आबकारी और डीएमएफ मामले से जुड़े लगभग 18 ठिकानों पर दबिश दी है. रायपुर के रामा ग्रीन कॉलोनी में पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास के ठिकाने पर दबिश दी गई है. मौके पर अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं. साथ ही अमलीडीह स्थित ला विस्टा कॉलोनी में कारोबारी हरपाल अरोरा के घर छापेमारी की गई है. वहीं बिलासपुर में अशोक टुटेजा के ठिकानों पर छापा मारा गया है. इसके अलावा अंबिकापुर, कोंडागांव समेत विभिन्न जिलों में छापा पड़ा है. एसीबी-ईओडब्ल्यू टीम के अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं.



बिलासपुर में शराब घोटाले से जुड़े अनिल टुटेजा के रिश्तेदार व टुटेजा के घर पर छापा मारा गया है। कोंडागांव में वर्ष 2019-20 में डीएमफ सप्लाई में शामिल रहे हैं कोणार्क जैन के घर दबिश दी गई है। वहीं जगदलपुर में निरंजन दास के भाई चितरंजन दास के मैत्री संघ स्थित आवास, अंबिकापुर में पर्राडांड निवासी डॉक्टर तनवीर अहमद और सत्ती पारा निवासी अमित अग्रवाल के घर व बलरामपुर में कारोबारी मनोज अग्रवाल के घर में दबिश दी गई है। शराब घोटाला मामले में अब तक पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर की गिरफ्तारी हो चुकी है. इसके अलावा आबकारी विभाग के 28 आबकारी अधिकारी भी आरोपी बनाए गए थे, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है.

#### क्या है शराब घोटाला ?

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान 2019 से 2023 तक शराब नीति को बदलकर चहेते सप्लायरों के माध्यम से शराब घोटाला हुआ. इसमें लाइसेंस की शर्तें ऐसी रखी गई कि चहेती कम्पनियों को काम मिल सके. उन कंपनियों ने नकली होलोग्राम और सील बनवाई. यह काम नोएडा की एक कंपनी ने किया. इसके बाद नकली होलोग्राम लगी शराब की महंगी बोतलें सरकारी दुकानों के माध्यम से बिक्री करवाई गई. चूंकि नकली होलोग्राम था तो बिक्री की जानकारी शासन को नहीं हो पाती थी और बिना एक्साइज टैक्स दिए शराब की बिक्री होती रही. इस तरह से शासन को 2165 करोड़ रुपए के टैक्स का चूना लगाया गया. यह रकम कांग्रेस भवन बनवाने से लेकर नेताओं, अधिकारियों और मंत्रियों तक बटे.

## संक्षेप

### अमेरिका के विरोध और बहिष्कार के बावजूद जलवायु परिवर्तन पर प्रस्ताव पास

**जोहान्सबर्ग,23 नवंबर।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 21 से 23 नवंबर तक आयोजित हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल देशों ने जलवायु परिवर्तन पर एक ऐतिहासिक घोषणापत्र पारित किया है. शिखर सम्मेलन में शामिल देशों के समूह की ओर से पेश घोषणापत्र को अमेरिका के विरोध और बहिष्कार के बाद बावजूद सर्वसम्मति से पास किया गया है. जी20 समूह की ओर से उठाए गए इस कदम को परंपरा के हटकर बताया जा रहा है, क्योंकि जी20 में शामिल दुनिया भर के नेताओं ने जलवायु परिवर्तन को लेकर अमेरिका की अनुपस्थिति में एक संयुक्त घोषणापत्र पारित किया. दरअसल, जोहान्सबर्ग में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन का अमेरिका ने बहिष्कार किया है. इसके पीछे मेजबान दक्षिण अफ्रीका के साथ अमेरिका के राजनयिक मतभेद को कारण बताया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा कि अमेरिका ने संयुक्त घोषणापत्र के शब्दों पर आपत्ति जताई है. हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन को लेकर पारित घोषणापत्र पर फिर से बातचीत नहीं की जा सकती है. राष्ट्रपति रामफोसा के दिए इस बयान से वॉशिंगटन और प्रिटोरिया के बीच जारी तनाव को उजागर किया है.

### संसद के शीतकालीन सत्र में एटॉमिक एनर्जी समेत 10 नए बिल पेश होंगे

**नई दिल्ली,23 नवंबर।** संसद का शीतकालीन सत्र-2025 1 दिसंबर से शुरू हो रहा है। 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में 10 बिल पेश होंगे। प्राइवेट कंपनियों को एटॉमिक पॉवर प्लांट लगाने की परमिशन, यूजीसी खत्म करने वाला बिल भी आएगा। लोकसभा बुलेटिन में शनिवार को यह जानकारी दी गई। साथ ही संसद के शीतकालीन सत्र में इंडिया अलायंस मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग ला सकता है। 18 अगस्त को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया ब्लॉक की बैठक हुई थी। 19 दिन तक चलने वाले सत्र में 15 बैठकें होंगी। संसद का शीतकालीन सत्र में एटॉमिक एनर्जी बिल समेत 10 नए बिल पेश हो सकते हैं। एटॉमिक एनर्जी बिल में प्राइवेट कंपनियों को भी न्यूक्लियर पॉवर प्लांट लगाने की अनुमति मिल सकेगी। सत्र के दौरान जो दूसरा बड़ा बिल पेश होगा वो हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल है।

### मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) हटाने की मांग तेज

**रायुर,23 नवंबर।** रायपुर-छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को पत्र लिखकर मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम–2000 की धारा 49(6) को विलोपित करने का आग्रह किया है। यह पहल छत्तीसगढ़ के पेंशनरों के हितों को ध्यान में रखते हुए की गई है।

अपने पत्र में उन्होंने बताया



कि मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के बीच 74/26 अनुपात वाले पेंशन दायित्व बंटवारे के तहत दोनों राज्यों को आपसी सहमति से बजट आवंटन कर भुगतान करना होता है। लेकिन प्रक्रिया में विलंब होने के कारण महंगाई राहत की किश्तों का आदेश समय पर जारी नहीं हो पाता, जिससे राज्य के पेंशनरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस स्थिति के कारण दोनों राज्य में मध्यप्रदेश से लगभग 5.30 लाख छत्तीसगढ़ से करीब 1.30 लाख पेंशनर्स प्रभावित हो रहे हैं.

## घाटी में सक्रिय हैं 131 खूंखार आतंकवादी

**नई दिल्ली,23 नवंबर।** दिल्ली धमाकों के तार सीधे जम्मू और कश्मीर से जाकर जुड़ते दिखाई दे रहे है. कश्मीर के व्हाइट कॉलर आतंकियों ने इसे मिलकर अंजाम दिया. प्लान देश



को दहलाने की थी लेकिन उससे पहले ही सुरक्षा एजेंसियों द्वारा इस मॉड्यूल के भांडा फोड़े जाने के कारण हड़बड़ी में इस धमाके को अंजाम दिया गया. इस घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हुए और घाटी में ताबड़तोड़ छापे मारे हुए जिसे पता चला कि, इस में एक्टिव आतंकवादियों की संख्या 131 तक पहुंच गई है. जांच में ये भी पता चला है कि उनमें पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है. सूत्रों के अनुसार इन 131 एक्टिव आतंकवादियों में से 122 की पहचान पाकिस्तानी नागरिकों के तौर पर हुई है, जबकि सिर्फ नौ स्थानीय रूप से तैयार किए गए आतंकवादी हैं. नवंबर 2025 की लेटेस्ट इंटेलिजेंस रिपोर्ट में ये आंकड़े सामने आए हैं. यह साल की शुरुआत से काफी ज़्यादा है, जब मार्च 2025 में पाकिस्तानी आतंकवादियों की संख्या 59 बताई गई थी, जो बॉर्डर पार से घुसपैठ की कोशिशों में दोगुने से ज़्यादा बढ़ोतरी दिखाता है. सुरक्षा एजेंसियों ने इस बढ़ोतरी का कारण दुश्मन ताकतों द्वारा लाइन ऑफ कंट्रोल के पार आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की लगातार कोशिशों को बताया है.

सुरक्षा बलों ने जवाब में सतर्कता और ऑपरेशनल तैयारी बनाए रखी है और कई काउंटर-टेररिज्म ऑपरेशन किए हैं. 2025 में अब तक, सेना, पुलिस और दूसरे सुरक्षाकर्मियों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में लगभग 45 आतंकवादियों को मार गिराया है, जो यूटी में ऑपरेशन की तेज रफ़्तार को दिखाता है. इस घुसपैठ का असर इलाके की सुरक्षा के लिए चिंता की बात है, क्योंकि पाकिस्तान के सपोर्ट वाले आतंकी संगठन घुसपैठ के लिए इलाके और मौसमी मौकों का फायदा उठाते रहते हैं. हालांकि, सेना अलर्ट है और खबर है कि LoC और इंटरनेशनल बॉर्डर पर घुसपैठ की कई कोशिशें नाकाम कर दी गई हैं. विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी में बढ़ोतरी के मुकाबले लोकल भर्ती बहुत कम है. एनालिस्ट जम्मू और कश्मीर में उग्रवाद की गतिविधियों को बनाए रखने के लिए बाहरी लोगों पर बढ़ती निर्भरता की ओर इशारा करते हैं. यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब मिलिट्री और पैरामिलिट्री आतंकवादी नेटवर्क को खत्म करने, उनके इंफ्रास्ट्रक्चर को नष्ट करने और केंद्र शासित प्रदेश के अंदर उन्हें लॉजिस्टिक सपोर्ट देने से मना करने की कोशिशें कर रही हैं.

### हिड़मा के समर्थन में पोस्ट,कांग्रेसी नेत्री को पद से हटाया

**रायपुर,23 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सह सचिव प्रीति मांझी के विवादित पोस्ट पर संगठन ने कड़ा कदम उठाते हुए जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित की है।जांच पूरी होने तक उनके पदाधिकारी के रूप में कार्य करने पर रोक लगा दी गई है।मांझी छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की निवासी हैं।प्रीति मांझी ने इंटरनेट मीडिया पर एनकाउंटर में मारे गए शीर्ष माओवादी माड़वी हिड़मा की मौत पर समर्थन में पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था- 'लाल सलाम कामरेड हिड़मा' यह पोस्ट तेजी से वायरल होने के बाद विवाद का कारण बन गई।

## 37 साल से लापता था बड़ा बेटा एसआईआर के चलते मिल गया

**कोलकाता,23 नवंबर।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में एसआईआर के दौरान एक कमाल की घटना हुई। मतदाता सूची की संशोधन प्रक्रिया ने लगभग चार दशक से बिछड़े एक परिवार को फिर से मिला दिया। चक्रवर्ती परिवार ने 1988 में अपने बड़े बेटे विवेक चक्रवर्ती को खो दिया था। घर से निकलने के बाद विवेक का कोई अता-पता नहीं चला। बरसों तक खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अब तक उन्हें उम्मीद ही नहीं थी कि कभी फिर मिलन होगा। मगर, एसआईआर अभियान ने वो दरवाजा खोल दिया जो वे बंद समझ चुके थे। विवेक के छोटे भाई का नाम प्रदीप चक्रवर्ती है। वह उसी इलाके के बूथ लेवल ऑफिसर हैं। एसआईआर के दौरान हर फॉर्म पर उनका नाम और मोबाइल नंबर छपा था। विवेक का बेटा कोलकाता में रहता है जो अपने चाचा के बारे में कुछ नहीं जानता था। उसने दस्तावेजों के लिए मदद मांगने की खातिर प्रदीप को फोन किया। पहले कागजात को लेकर बातें हुईं, लेकिन धीरे-धीरे परिवार की कड़ियां जुड़ने लगीं। प्रदीप ने बताया, 'मेरा बड़ा भाई आखिरी बार 1988 में घर आया था। उसके बाद से गायब है। हमने हर जगह ढूंढा। मगर, उसने सारे रिश्ते तोड़ दिए। जब इस लड़के के जवाब हमारे परिवार की उन बातों से मिलने लगे जो सिर्फ हम ही जानते हैं, तब मुझे एहसास हुआ कि मैं अपने भतीजे से बात कर रहा हूं।'इस तरह 37 साल से लापता चक्रवर्ती परिवार का बड़ा बेटा मिल गया। दोनों तरफ खुशी की लहर थी। इसके बाद प्रदीप ने खुद विवेक से बात की। 37 साल की खामोशी के बाद दो भाइयों की आवाजें एक-दूसरे तक पहुंचीं। भावुक होकर विवेक ने कहा, 'इस भावना को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। 37 लंबे साल बाद मैं आखिरकार घर लौट रहा हूं।

## नकली नोट गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**सक्ती,23 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के सक्ती और तेलंगाना पुलिस की संयुक्त टीम ने नकली नोट खपाने वाले गिरोह का बड़ा खुलासा किया है। पुलिस की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 1 लाख 70 हजार रुपये के नकली नोट बरामद किए गए हैं। तेलंगाना के कामारेड्डी पुलिस ने पहले सिद्धा गौड़ नामक आरोपी को पकड़ा था। उसकी निशानदेही पर पता चला कि कोलकाता के सौरव डे, नारायण भगत और बिहार के रसीद अहमद मिलकर कंप्यूटर, कलर प्रिंटर और जेके बॉन्ड पेपर से नकली नोट छापकर फेसबुक के जरिए अलग-अलग राज्यों में खपा रहे थे। तीनों अपराधियों को तेलंगाना पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जांच में सामने आया कि छत्तीसगढ़ में नकली नोट खपाने की जिम्मेदारी सक्ती जिले के आरोपी नंदलाल जांगड़े, छतराम आदित्य और इनके रिश्तेदार मनहरण उर्फ सोहन लहरे को दी गई थी। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने 40 हजार रुपये में 2 लाख नकली नोट खरीदने और उनमें से 30 हजार रुपये विभिन्न स्थानों पर खपा देने की बात स्वीकार की।



### 57 वर्षीय हथिनी ने जुड़वा शावकों को दिया जन्म

**पन्ना,23 नवंबर।** मध्य प्रदेश स्थित पन्ना टाइगर रिजर्व इन दिनों उत्साह से भरा है। वजह है 57 वर्ष की बुजुर्ग मादा हथिनी अनारकली, जिसने 21 नवंबर 2025 को जुड़वा मादा शावकों को जन्म देकर इतिहास रच दिया। दोनों शावकों के जन्म में करीब 3 घंटे 30 मिनट का अंतर रहा। यह पहला मौका है जब मध्यप्रदेश में किसी हथिनी ने जुड़वा शावकों को जन्म दिया है। हाथियों में जुड़वा जन्म बेहद कम देखे जाते हैं। वन विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे मामले सामान्यतः एक प्रतिशत से भी कम होते हैं। इसी कारण पन्ना में हुई यह घटना वैज्ञानिकों और वन्यजीव संरक्षण टीम के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

## सर्वोच्च न्यायालय अपनी स्वयं की न्यायिक विचारधारा को गहरा करे

**नई दिल्ली,23 नवंबर।** न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि भारतीय न्यायपालिका के लिए अपने स्वयं के दर्शन पर निर्भर रहना क्यों आवश्यक है। उन्होंने कहा, "सुप्रीम कोर्ट के हजारों ऐतिहासिक निर्णय देने के 75 वर्षों के बाद जब हमारे निर्णयों को अन्य विभिन्न क्षेत्राधिकारों द्वारा उद्धृत किया जा रहा है और जब हमने अपने दम पर न्यायिक ज्ञान का भंडार अर्जित कर लिया है। हमें अपने देश से संबंधित किसी भी मुद्दे पर राय बनाते समय दूसरे देशों के निर्णयों को क्यों देखना चाहिए?" उन्होंने जोर दिया कि भौगोलिक, स्थानीय, सामाजिक, और राजनीतिक परिदृश्य जैसे महत्वपूर्ण कारक अन्य देशों में भिन्न हो सकते हैं, इसलिए भारत को अपनी परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं का न्यायशास्त्र विकसित करने की आवश्यकता है।



न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि सीजेआई के रूप में उनकी तत्काल प्राथमिकताओं में लंबी अवधि से लंबित मामलों को निपटाना और संस्थागत सुधारों को आगे बढ़ाना शामिल है। उनकी प्राथमिकता विशेष रूप से सात और नौ न्यायाधीशों वाली संवैधानिक पीठों का गठन करना है, ताकि महत्वपूर्ण मामलों का शीघ्र निपटारा किया जा सके। उन्होंने लंबित मामलों की संख्या (90,000 तक) को स्वीकार किया लेकिन वह इसे लेकर आशावादी हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि हाल ही में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता के साथ दिए गए उनके एक निर्णय में ऐसे निर्देश थे, जिससे अंततः 1,000 मामले निपटाए जा सकेंगे। उनका लक्ष्य लंबित मामलों को शून्य तक लाना नहीं है, लेकिन स्थिति को प्रबंधनीय बनाना है। उन्होंने कहा कि वह सर्वोच्च न्यायालय में सभी रिक्तियों को भरेंगे, हालांकि उन्होंने महिला प्रतिनिधित्व पर अभी विचार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का कर मामलों के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण है और 5 करोड़ के लिए मुकदमेबाजी नहीं लड़ी जानी चाहिए। उन्होंने अंतिम राय बनाने के लिए एक ऐसे तंत्र के विकास की आवश्यकता पर बल दिया जिससे समय बर्बाद न हो। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सीजेआई कार्यालय से जुड़े दबावों और सोशल मीडिया की आलोचना पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि सीजेआई के पद के लिए व्यक्ति को सोशल मीडिया की टिप्पणियों से अलग रहने की आवश्यकता होती है। उन्होंने जोर देकर कहा, "न्यायाधीश या सीजेआई दबाव में नहीं आ सकते और नहीं आना चाहिए। मैं कभी दबाव में नहीं रहा।

## कॉलेज में नमाज अदा करने को लेकर बवाल

### हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, छात्रों ने मांगी माफी

**मुंबई,23 नवंबर।** महाराष्ट्र के कल्याण स्थित आइडियल कॉलेज में कुछ छात्रों ने खाली क्लासरूम में नमाज अदा की, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया। इस घटना से कॉलेज कैंपस में भारी तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस के साथ-साथ दक्षिणपंथी संगठनों का ध्यान भी इस ओर गया। हालांकि, किसी तरह की हिंसा की खबर नहीं है और स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचे। उन्होंने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हिल लाइन पुलिस तुरंत कैंपस पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, फार्मेसी डिपार्टमेंट के कुछ छात्रों ने खाली पड़ी क्लासरूम में कुछ मिनट के लिए नमाज पढ़ी थी। एक शख्स ने बताया, 'छात्रों का इरादा कोई विवाद पैदा करना या किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था।' प्रशासन ने छात्रों को बुलाकर चर्चा की, जिसमें उन्होंने नमाज पढ़ने की बात स्वीकार की।



उन्होंने कॉलेज प्रशासन और कार्यकर्ताओं से माफी मांग ली, ताकि गलतफहमी दूर हो सके। कॉलेज प्रशासन ने दोहराया कि संस्थान के नियमों और अनुशासन का पालन सबसे ऊपर है। कॉलेज कैंपस में किसी भी तरह की धार्मिक गतिविधि की इजाजत नहीं है। भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। इन छात्रों के खिलाफ भी उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने स्थिति पूरी तरह नियंत्रित होने के बाद कुछ देर कैंपस की निगरानी की और फिर चली गई। मामला फिलहाल शांत बताया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री ने जी-20 के इतर वैश्विक नेताओं से मुलाकात की

**नई दिल्ली,23 नवंबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया के कई नेताओं के साथ अलग-अलग मुद्दों पर बातचीत की और कहा कि उन्होंने ''वैश्विक तरक्की और खुशहाली के लिए साझा प्रतिबद्धता'' को दोहराया। मोदी ने दक्षिण अफ्रीका में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन से इतर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस से मुलाकात की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "जोहानिसबर्ग में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर से मिलना बहुत अच्छा रहा। इस साल भारत-ब्रिटेन भागीदारी में नयी ऊर्जा आई है और हम इसे कई क्षेत्रों में आगे बढ़ाते रहेंगे।" मोदी ने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री इब्राहिम के साथ उनकी "अच्छी बातचीत" हुई। उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया "द्विपक्षीय सहयोग को विविध क्षेत्रों में प्रगाढ़ करने के लिए" मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर "खुश" हुए, जिनके साथ उनकी "अलग-अलग मुद्दों पर अच्छी बातचीत हुई। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ''भारत-फ्रांस के रिश्ते दुनिया की भलाई के लिए एक ताकत बने हुए हैं!'' प्रधानमंत्री की कोरियाई नेता ली जे-म्युंग से भी मुलाकात हुई। इस साल म्युंग से उनकी यह दूसरी मुलाकात थी। मोदी ने कहा कि यह बातचीत "हमारी विशेष रणनीतिक भागीदारी में मज़बूत रफ़्तार का संकेत है। हमने अपने आर्थिक और निवेश जुड़ाव को और गहरा करने के लिए दृष्टिकोण साझा किए।" ब्राज़ील के राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मोदी ने कहा, "भारत और ब्राजील अपने लोगों के फ़ायदे के लिए कारोबार और सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।" प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस के साथ उनकी "बहुत सार्थक" बातचीत हुई। सम्मेलन के मुख्य सत्र से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी समेत कई दूसरे नेताओं से भी बातचीत की। शिखर सम्मेलन में



जी-20 नेताओं के साथ एक फोटो साझा करते हुए मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम एक साथ मिलकर वैश्विक प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।'' मोदी ने अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंजाल्वेस लौरेंको से भी मुलाकात की और कहा कि उन्हें इस साल की शुरुआत में दिल्ली में उनका स्वागत करने का सम्मान मिला। उन्होंने कहा, ''भारत अंगोला के साथ दोस्ती को महत्व देता है और दोनों देश व्यापार के साथ-साथ सांस्कृतिक संबंध बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने सिंगापुर के अपने समकक्ष लॉरेंस वोंग से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, ''भारत-सिंगापुर साझेदारी विकास और स्थिरता का एक मुख्य आधार बनी हुई है।'' मोदी ने अपने वियतनामी समकक्ष फाम मिन्ह चिन से मुलाकात की।

उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारत और वियतनाम के बीच एक मजबूत, भविष्यन्मुखी मित्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है।''प्रधानमंत्री की जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ के साथ हुई मुलाकात को 'शानदार' करार दिया। उन्होंने कहा, ''भारत के जर्मनी के साथ रिश्ते मज़बूत हैं, खासकर व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष और अन्य क्षेत्रों में।'' उन्होंने जोहानिसबर्ग में जी20 सम्मेलन के दौरान विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के महानिदेशक डॉ. न्गोजी ओकोन्जो-इवेला से भी बातचीत की। मोदी ने इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, ''भारत और इथियोपिया की साझेदारी ऐतिहासिक है और विकास में सहयोग से यह मजबूत हुई है। हम प्रौद्योगिकी, कौशल और दूसरे क्षेत्र में रिश्तों को और मजबूत करते रहेंगे।'' प्रधानमंत्री ने सिएरा लियोन के राष्ट्रपति जूलियस माडा बायो से भी मुलाकात की। मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोसघेब्रेयेसस से भी मुलाकात की और कहा, ''हमेशा की तरह, तुलसी भाई से मिलकर खुशी हुई। भारत हमेशा एक स्वस्थ्य विश्व बनाने में योगदान देगा।'' इससे पहले, जी-20 शिखर सम्मेलन स्थल पर पहुंचने पर मोदी ने कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा को "गर्मजोशी से स्वागत करने और इस महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए धन्यवाद देते हैं।"

## एक नजर

### अप्राकृतिक कृत्य का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 23 नवंबर।** भिलाई नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है घटना शुक्रवार देर रात की है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि परमसुख सोनी से नाबालिग ने लिफ्ट मांगी थी कुछ दूर जाने के बाद आरोपी नाबालिग से अश्लील हरकत करने लगा नाबालिग के बयान के अनुसार आरोपी ने पहले उसे जबरन किस किया मना करने पर भी आरोपी नहीं रुका उसने नाबालिग के प्राइवेट पार्ट को छूना शुरू कर दिया डर के मारे नाबालिग किसी तरह आरोपी से बचकर निकला और अपने घर पहुंचा घटना की जानकारी परिजनों को देने के बाद मोहन नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई पुलिस ने आरोपी परमसुख सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है ।

### गांजा ले जाते 3 लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 23 नवंबर।** भिलाई पुलगांव थाना क्षेत्र के गांजा का अवैध कारोबार करने वाले तीन आरोपी समेत एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है घटना पुलगांव थाना क्षेत्र की है पुलगांव प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो युवक बिना नंबर की स्कूटी में थैला के भीतर गांजा भरकर दुर्ग से नदी की ओर ले जा रहे थे पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा उनकी पहचान उरला मोहन नगर निवासी वामन यादव, मुकेश वर्मा, घूमका राजनंदगांव निवासी योगेश साहू व नाबालिग के रूप में हुई आरोपियों ने बताया वो लोग गांजे की डिलवरी करने जा रहे थे आरोपियों के पास से पुलिस ने तीन किलो गांजा, मोबाइल फोन, स्कूटी व नगदी चार हजार रुपए जब्त किया गया।

### कुएं में गिरने से बच्ची की मौत



**भिलाई, 23 नवंबर।** भिलाई घर के पास खेल रही 4 साल की मासूम बच्ची कुएं में गिर गई कुएं में गिरते ही बच्चे की घटना स्थल पर मौत हो गई शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और कुएं में उतरकर बच्ची को निकाला उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया मौके पर पहुंची पद्मनाभपुर थाने पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है बच्चों के पिता दिनेश विश्वकर्मा निवासी सुभाष चौक बोरसी ने बताया कि उसके बच्चों की आज स्कूल की छुट्टी होने के कारण घर के पास ही उसके तीनों बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान खेलते खेलते बच्ची श्रद्धा विश्वकर्मा कुएं में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई है इस दौरान वह और उसकी पत्नी काम पर गए हुए थे, घर पर कोई बड़ा व्यक्ति नहीं था ।

### पुलिस ने 140लीटर डीजल किया जब्त



**भिलाई, 23 नवंबर।** पुरानी भिलाई टीआई अंम्बेर सिंह भारद्वाज ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि सिरसा गेट के पास केसर अली टॉवर दुकान के पास बजरंग पारा में कंडम ट्रक के डाला में ठेलानुमा बनाकर अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ को बिना सुरक्षा व्यवस्था के डंप कर रखा है इससे बड़ी अनहोनी घटना घटित हो सकती थी पुलिस ने मौके पर पहुंचकतर केसर अली (43 साल) इंदिरा नगर भिलाई-3 को पकड़ा उसके कब्जे से एक धारदार चाकू व अवैध रूप से डंप किया गया ज्वलनशील पदार्थ 140 लीटर डीजल जब्त किया है।

### 70 लाख गबन की शिकायत की

**भिलाई, 23 नवंबर।** पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि प्रार्थी विनय कुमार विश्वा (50 साल ) निवासी सेक्टर- 4 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी विकास कुमार मित्तल निवासी ऋषभ ग्रीनशीटी कालोनी पुलगांव नाका, रोहित कुमार मित्तल निवासी रायपुर ने 70 लाख रुपए का गबन किया है।

इस मामले में पुरानी भिलाई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420,406 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

### हादसे में घायल चालक की मौत

**भिलाई, 23 नवंबर।** भिलाई सुपेला पुलिस ने बताया कि बीजापुर निवासी शाकीर हुसैन (27 साल) ड्राइवर बिजेन्द्र के साथ खराब ट्रक की मरम्मत करने प्रियदर्शनी परिसर के पास पहुंचा था देर रात मरम्मत पूरी होने के बाद बिजेन्द्र खराब ट्रक में शो गया, जबकि शाकीर अपनी पिकअप के कैबिन में आराम करने लगा रायपुर दिशा से आ रहे टैंकर ने पिकअप वाहन को अपने चपेट में ले लिया इस हादसे में शाकीर के सिर पर चेहरे पर चोट आई ईलाज के लिए उसे जिला अस्पताल ले गया। जहां पर उसने दम तोड़ दिया।

# किसानों को धान का वाजिब मूल्य मिल रहा है: श्रद्धा पुरेन्द्र साहू

- **जिपं सदस्य ने राज्य सरकार के इस महती योजना की सराहना की**
- **अन्न दाता किसान के मेहनत का सरकार सम्मान करती है**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**




**उतई,23 नवंबर।** जिला पंचायत सदस्य ( उद्योग व सहकारिता समिति की सभापति) श्रीमती श्रद्धा पुरेन्द्र साहू ने सरकार के धान खरीदी के सफल संचालन व किसानों को मिल सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा की उनके एक एक दाना का वाजिब मूल्य केंद्र व राज्य सरकार देगी।उन्होंने आगे कहा की दुर्ग जिले में इस वर्ष धान खरीदी पूर्व की तुलना में कहीं अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और किसान-हितैषी साबित हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा की गई सूक्ष्म तैयारियों और खरीदी केंद्रों की निरंतर मॉनिटरिंग ने इस प्रक्रिया को सहज और परेशानी-मुक्त बनाया है। कलेक्टर व निर्वाचित जनप्रतिनिधियो? के द्वारा केंद्रों में पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण करना और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देना खरीदी की गति और गुणवत्ता दोनों को मजबूती प्रदान कर रहा है। खरीदी केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, बारदाना, तौल मशीन और हमालों की पर्याप्त उपलब्धता ने किसानों की दिक्कतों को काफी हद तक दूर कर दिया है। प्रशासन की इसी सक्रियता की सराहना करते हुएश्रीमति साहू ने भी खरीदी व्यवस्था को उत्कृष्ट बताया है। धान खरीदी व्यवस्था को लेकर केंद्र की मोदी सरकार व छग राज्य की विष्णु देव सरकार के प्रयासों की खुलकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के दिशा निर्देश परसतत निरीक्षण, मैदानी अमले को दिए गए स्पष्ट निर्देश और खरीदी केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं ने किसानों को वास्तविक राहत मिल रही है। श्रीमति साहु ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण ही किसानो को खरीदी केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं से का वास्तविक लाभ मिल रहा है। श्रीमति साहू ने राज्य सरकार की मेहनत और गंभीरता के कारण इस बार किसान बिना किसी चिंता के अपना धान विक्रय कर पा रहे हैं। प्रशासन ने जो व्यवस्था बनाई है, वह वास्तव में सराहनीय है।÷आगे कहा की राज्य सरकार द्वारा किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान खरीदी किए जाने के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री की किसान हितैषी नीतियों को भविष्य निर्माणकारी बताया। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य में वृद्धि और प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी का प्रावधान किसानों को आर्थिक रुप से मजबूत बनाता है और उनके मेहनत का सही मूल्य सुनिश्चित करता है। दुर्ग जिले में इस वर्ष धान खरीदी का सुचारु संचालन, जिला प्रशासन की तत्परता और सरकार की नीतियों के मेल का सकारात्मक परिणाम हैं।



### ग्राम देवादा में सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने शोकाकुल परिवार को दी आर्थिक सहायता

**उतई।** ग्राम पंचायत देवादा में गुजराम यादव के निधन पर सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने मृतक के परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। सरपंच ने शोकाकुल परिवार की आर्थिक मदद के रूप में 25,000 नकद एवं एक कट्ठा चावल प्रदान किया।सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत देवादा में किसी भी जरूरतमंद परिवार को छट्टी, शादी-ब्याह या किसी अन्य विपत्ति के समय सहायता राशि उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। गांव के हर जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए पंचायत हमेशा तत्पर रहती है।इस अवसर पर मृतक की पत्नी अनुसुइया यादव, नीलू वर्मा, पुत्र मंगलू यादव, रंजीत यादव, पंच कल्याणी यादव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### पाटन विधानसभा क्षेत्र के सांतरा गांव के आदित्य चंद्राकर का सीजीपीएसी में चयन



**उतई,23 नवंबर।** सांतरा गाँव का नाम एक बार फिर गौरव से चमक उठा है। गांव के प्रतिभाशाली युवक आदित्य चंद्राकर ने प्रतिष्ठित सीजीपीएससी परीक्षा में 46वीं रैंक हासिल कर पूरे क्षेत्र को गर्व का एहसास कराया है। खास बात यह है कि आदित्य ने यह उपलब्धि पहली ही कोशिश में हासिल की, जो उनकी मेहनत और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। आदित्य, स्वर्गीय ओमप्रकाश चंद्राकर के पुत्र एवं सेवानिवृत आयुर्वेद अधिकारी डॉ हुबराम चंद्राकर के पोते हैं। उनकी इस शानदार सफलता की खबर मिलते ही सांतरा, बेल्हारी और गुढ़ियारी के भारद्वाज परिवार में हर्ष और उत्सव का माहौल बन गया। पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है।

# समावेशी शिक्षा अंतर्गत वातावरण निर्माण एवं गैप आइडेंटिफिकेशन प्रशिक्षण दिया

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**कवर्धा,23 नवंबर।** जिले में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री अजय कुमार त्रिपाठी के दिशानिर्देश में तथा जिला शिक्षा अधिकारी एफ. आर. वर्मा एवं जिला मिशन समन्वयक श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय एकदिवसीय वातावरण निर्माण एवं गैप आइडेंटिफिकेशन प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय हाई स्कूल राम्हेपूर में किया गया। इस प्रशिक्षण में विकासखंड के 100 दिव्यांग बच्चों एवं 100 सामान्य बच्चों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ सहायक कार्यक्रम समन्वयक समावेशी शिक्षा श्री राकेश चंद्रवंशी, खंड स्रोत समन्वयक साहू संस्था प्राचार्य राम्हेपूर श्री चंद्रप्रकाश राजपूत, संकुल समन्वयक श्री मनोज जोगी एवं बीआरपी श्री नरेश कुमार सोनी द्वारा किया गया।बीआरसी श्री कन्हैयालाल साहू एवं एपीसी श्री राकेश चंद्रवंशी ने दिव्यांग बच्चों, पालकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए समावेशी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्री नरेश कुमार सोनी, सुश्री रेशमा मेश्राम, श्री गायत्री प्रसाद साहू एवं श्रीमती होम बाई साहू द्वारा विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। नरेश कुमार सोनी ने दिव्यांगता के प्रकार, उनके कारण, शिक्षण-प्रशिक्षण पद्धति एवं शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं तथा सहायक उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी। श्रीमती होम बाई साहू ने सांकेतिक भाषा का प्रयोग कर बच्चों को प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। गायत्री प्रसाद साहू एवं रेशमा मेश्राम ने भी बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री देवेंद्र साहू तथा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री संतोष कुमार तिवारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, पालकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों को अधिक समय एवं अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को भोजन, चाय, नाश्ता एवं स्टेशनरी उपलब्ध कराई गई।इस आयोजन को सफल बनाने में सूचना प्रबंधन हेमचंद पटेल, संकुल शैक्षिक समन्वयक खेमदास पनिका, योगेंद्र साहू, मनोज जोगी, संजीव कौशिक, नवनीत मिश्रा एवं तुकाराम यादव का विशेष योगदान रहा।

### करंट लगने से कर्मी की मौत

**भिलाई, 23 नवंबर।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के भटगांव में एक बिजली कर्मचारियों की पोल पर मरम्मत करने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई घटना सुबह लगभग 10ः00 बजे के आसपास की है मिली जानकारी के अनुसार पावर हाउस बिजली स्टेशन से बिजली सप्लाई बाधित की गई थी। जिसके बाद मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा था। इसी बीच अचानक भटगांव के पोल में करंट आ गया जिसके चलते मेंटेनेंस कर रहे कर्मचारी करंट की चपेट में आ गया गंभीर रूप से झुलस गया पीड़ित को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई घटना जेवरा सिरसा चौकी पुलिस

# सुबह घूमने निकली महिलाओं से चेन छीनने के मामले में 5 लोग गिरफ्तार

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**भिलाई, 23 नवंबर।** मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं से चेन स्नेचिंग करने वाले अंतरजिला गैंग का पर्दाफाश दुर्ग पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी इतने शातिर थे कि हर अपराध के लिए मोटर साइकिल बदलते थे। आरोपियों से करीब 45 ग्राम सोने के चैन और 10 लॉकेट सहित कुल 6 लाख रुपए का माल और घटना में प्रयुक्त दो बाइक कीमती लगभग 1 लाख रुपए बरामद किए गए हैं पुलिस ने बताया कि 5 नवंबर से 19 नवंबर के बीच भिलाई और कुम्हारी क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं को निशाना बनाकर कई चेन स्नैचिंग की वारदातें हुई थीं 5 नवंबर को सेक्टर-1 की सड़क 09, 19 नवंबर को सेक्टर-10 की सड़क -12 और सड़क 23, तथा 8 अक्टूबर को प्रियदर्शनीय परिसर में महिलाओं से चेन छीनी गई थी घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए दुर्ग पुलिस ने मॉर्निंग पेट्रोलिंग, नाका बंदी, फिक्स प्वाइंट ड्यूटी और सिविल कपड़ों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी थी। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज की जांच में संदिग्धों की पहचान होने पर पुलिस ने बीएसयूपी कॉलोनी, कैपिटल सिटी फेस-2, सड्डू रायपुर में दबिश देकर पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर, अब्दुल मुकीम और ज्वाला बैरागी को मेस्ट्रो और दो एचएफ डिलक्स के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ज्वाला बैरागी, जो मूलतः बैरागी मोहल्ला, पावर हाउस का निवासी है जो वारदातों में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली आरोपी ज्वाला ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बहन के घर रायपुर सड्डू आता-जाता था और वहीं से अपने साथियों अब्दुल मुकीम, पुरुषोत्तम और एक नाबालिग के साथ हर सुबह भिलाई क्षेत्र में बाइक बदल-बदलकर घूमता था और मौका मिलते ही चेन स्नैचिंग करता था। इस गैंग ने भिलाई टाउनशिप, सुपेला, कुम्हारी के अलावा रायपुर के फाफाडीह और गंज इलाके में भी वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक नाबालिग समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है चोरी की चेन खरीदने वाला संचालक भी गिरफ्तार एएसपी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि पुलिस ने जांच के दौरान सोने के गहने खरीदने वा ले राम कृष्ण (निवासी नंदिनी रोड), संचालक किरण ज्वेलर्स, मछली मार्केट के पीछे, पावर हाउस को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चोरी की चेन और लॉकेट को राम कृष्ण के पास बेचते थे। आरोपियों से 3 सोने की चेन, 10 सोने के लंकिट, सोने की पत्ती और 2 बाइक सहित कुल 7 लाख रुपए का माल जब्त किया है।

# अवैध शराब बिक्री पर कबीरधाम पुलिस की प्रभावी कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार



**कवर्धा,23 नवंबर।** कबीरधाम पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पांडातराई द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत अवैध शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी को पकड़ा गया तथा बड़ी मात्रा में देशी प्लेन शराब और घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त किया गया।पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के दिशा-निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल (रा.पु.से.) एवं श्री पंकज कुमार पटेल (रा.पु.से.) तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोडला श्री अखिलेश कुमार कौशिक (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला के नेतृत्व में पाण्डातराई थाना द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा और अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध वर्षभर सघन कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में दिनांक 20.11.2025 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम सोढा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान आरोपी दिपेश कुमार पिता लालजी कुर्रे, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम रूसेकापा थाना पाण्डातराई, को अवैध शराब बिक्री हेतु अपने मोटर सायकल ॥श्क्रह 2891 के टैंक पर बोरी के भीतर 35 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत लगभग 2800 रुपये रखे हुए पकड़ा गया। घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमत लगभग 40,000 रुपये के साथ कुल 42,800 रुपये की जप्ती की गई।आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं न्यायालय में पेश करने के उपरांत जेल भेजा गया।इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, प्रधान आरक्षक 416 जावेद खान, आरक्षक शिवाकांत शर्मा एवं आरक्षक पुरुषोत्तम वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# अयोध्या धाम श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत दर्शन कर लौटे लोगों का स्वागत किया



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**कबीरधाम,23 नवंबर।** श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना अंतर्गत जिले से दिनांक 19 नवम्बर 2025 को रवाना हुए 69 श्रद्धालु यात्री आज सकुशल वापस लौटे, जिनका भव्य स्वागत उपमुख्यमंत्री कार्यालय, जिला कबीरधाम में किया गया।आयोजित स्वागत समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा सहित भाजपा के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

साथ ही उपमुख्यमंत्री कार्यालय के प्रमुख नरेंद्र मानिकपुरी, ओमकार साहू, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी/कर्मचारी तथा जिले के चारों जनपद पंचायतों के समाज शिक्षा संगठक व कंप्यूटर ऑपरेटर भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान यात्रियों ने अयोध्या धाम में श्री रामलला के दिव्य दर्शन का अपना अनुभव साझा करते हुए शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। समारोह गरिमामय, सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# किरंदुल औद्योगिक नगर में बस पार्किंग निर्माण तेजी से हो रहा

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**किरंदुल,23 नवंबर।** औद्योगिक नगर में बस चालकों की लंबे समय से चली आ रही पार्किंग समस्या अब समाप्ति की ओर बढ़ रही है। नगर पालिका परिषद की तत्परता और NMDC किरंदुल परियोजना के सक्रिय सहयोग से नई बस पार्किंग व्यवस्था का निर्माण तेजी पकड़ चुका है।

मुख्य बिंदु-10 वर्षों से लंबित बस पार्किंग निर्माण कार्य फिर शुरू। नगर पालिका के संयुक्त प्रयास से समतलीकरण व सफाई कार्य जारी।अव्यवस्थित पार्किंग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में बड़ा कदम।नए बस स्टैंड के लिए आरक्षित वन भूमि का तेजी से विकास।नागरिकों और बस चालकों ने अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।किरंदुल औद्योगिक नगर में बस चालकों के लिए वर्षों से बनी ÷पार्किंग की मार अब खत्म होने की ओर है। नगर पालिका परिषद की त्वरित कार्यशैली और NMDC के सहयोग से नए बस स्टैंड निर्माण का काम रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।आरक्षित वन भूमि के समतलीकरण व सफाई कार्य को देखकर साफ अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि नया बस पार्किंग स्थल जल्द ही तैयार हो जाएगा।सबसे बड़ी बात यह है कि यह पार्किंग निर्माण पिछले 10 वर्षों से अधर में लटका हुआ था, लेकिन अब यह कार्य फिर से पटरी पर लौट आया है–जो अपने आप में सराहनीय पहल मानी जा रही है।जानकारी के अनुसार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह और उपाध्यक्ष श्री बब्लू सिद्दिकी ने शहर के छोटे बस स्टैंड तथा मुख्य मार्गों पर अव्यवस्थित पार्किंग से उत्पन्न दुर्घटनाओं की समस्या को गंभीरता से लिया।नागरिकों और पत्रकारों की लगातार मांग पर इस समस्या के त्वरित निराकरण के लिए निर्माण कार्य शुरू कराया गया।इस पहल ने न केवल नगर के निवासियों को आश्चर्यचकित किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश भी दिया है।देश की अग्रणी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी है, ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए इस परियोजना में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, जिससे कार्य और अधिक मजबूत दिशा में आगे बढ़ रहा है।अंत में, किरंदुल के आम नागरिकों और बस चालकों ने नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य अधिकारी तथा NMDC परियोजना अधिकारियों के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है।

# दो स्पा सेंटरों पर पुलिस ने छापा मारकर महिला संचालिका समेत 3 लोगों को किया गिरफ्तार

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के सुपेला थाना क्षेत्र में स्मृति नगर चौकी पुलिस ने देर रात दो लग्जरी स्पा सेंटरों पर एक साथ दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि ये स्पा सेंटर मसाज की आड़ में अवैध देह व्यापार करा रहे हैं। छापेमारी में स्पा संचालिकाए उसके पति और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने स्मृति नगर क्षेत्र में संचालित श्लविश फैमिली स्पा एंड सैलूनश् और श्ड्रीम कैचर स्पा एंड सैलूनश् पर पुलिस ने रात में ही दबिश दी। दोनों स्पा सेंटरों में संदिग्ध हालत में लोग मौजूद मिले। पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक सामान बरामद किया।पुलिस ने इस मामले में स्पा संचालक अहिल्या सागरवंशीए दिग्विजय सागरवंशी और अंकुश ईखार ;29 वर्षद्धए निवासी हाउसिंग बोर्ड जामुलए थाना जामुल को प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि लंबे समय से इन स्पा सेंटरों में लड़कियों को बुलाकर अवैध देह व्यापार कराने की शिकायतें मिल रही थीं। नगर पुलिस अधीक्षक भारती मरकाम के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। फ्लिहाल तीनों आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और मामले की गहन जांच जारी है।

# मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को बैठक में दी एसआईआर की जानकारी

**दुर्ग, 23 नवम्बर ।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न हुई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा बैठक में उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्यक्रम की जानकारी दी गई।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कराने का मुख्य उद्देश्य है कि कोई अवैध नागरिक न जुड़े एवं भारत के वैध नागरिक न छुटे, जिससे मतदाता सूची शुद्ध हो। एसआईआर के तहत मृत एवं अन्यत्र निवासरत व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से हटाया जाएगा तथा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 की स्थिति में नए मतदाताओं का नाम फार्म-6 भरकर दर्ज करने की कार्यवाही की जा सके एवं मतदाता सूची में त्रुटि सुधार हेतु फार्म-8 का उपयोग कर, मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सकेगा। वर्तमान में राज्य में संपन्न कराए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण में जिले अंतर्गत मतदाता केन्द्रों के लिए बूथ लेवल अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका/दायित्व निभाया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक उपलब्ध करायी गई है एवं उनसे गणना पत्रक भरवाकर प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु जिले में राजनीतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की गई है।बैठक का मूल उद्देश्य सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को गणना पत्रक के साथ फोटो चस्पा करना अनिवार्य नहीं होने से अवगत कराना था, जहां मतदाताओं को लगता है कि फोटो अस्पष्ट अथवा धुंधली है, पुरानी हो चुकी है।

## एक नजर

### बाबा कादर वली के 125 वें जन्मोत्सव पर आम लंगर का आयोजन

**डोंगरगढ़ 23 नवंबर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हजरत बाबा कादर वली का जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से आज पुराना शुक्रवारी दरबार में स्थित बाबा कादर वाली की दरबार में मनाया जायेगा। साथ ही बाबा कादर वली के 125 वे जन्मोत्सव के अवसर पर आम लंगर का आयोजन भी किया गया है, आम धार्मिक श्रद्धालुओ से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा तादाद में दरबार पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल बनायें।उक्ताशय की जानकारी बाबा कादर वली दरगाह के खादिम जीवन बाबा ने विज्ञाप्ति जारी कर दी.

### धान बिक्री के लिए अधिकतम 3 टोकन की सुविधा

**राजनांदगांव 23 नवंबर।** राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक धान खरीदी निर्धारित है। धान खरीदी व्यवस्था के सुव्यवस्थित संचालित करने के लिए टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन जारी कर धान खरीदी की जा रही है। राज्य शासन के निर्देशानुसार 2 एकड़ तक भूमि धारित करने वाले किसानों को अधिकतम 1 टोकन, 2 एकड़ से 10 एकड़ तक भूमि धारित करने वाले किसानों को अधिकतम 2 टोकन तथा 10 एकड़ से अधिक भूमि धारित करने वाले किसानों को अधिकतम 3 टोकन की सुविधा उपलब्ध है।

### दुर्दांत नक्सली हिड़मा को श्रद्धांजलि कांग्रेस का वास्तविक चरित्र उजागर

**रायपुर 23 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा भारतीय जनता पार्टी यह जानकर अत्यंत स्तब्ध है कि युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सह-सचिव प्रीति मांझी ने देश के सबसे दुर्दांत नक्सलियों में से एक हिड़मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लाल सलाम कामरेड जैसी पोस्ट को सार्वजनिक रूप से साझा किया है। हिड़मा वह कुख्यात नक्सली है जो सैकड़ों जवानों की निर्मम हत्या, निर्दोष आदिवासियों पर अत्याचार और विकास कार्यों में बाधा डालने के लिए जिम्मेदार रहा है। ऐसे रक्तरंजित इतिहास वाले व्यक्ति को श्रद्धांजलि देना न केवल निंदनीय है, बल्कि यह सीधे-सीधे नक्सलवाद को वैचारिक समर्थन दर्शाता है। कांग्रेस का असली चेहरा सामने आया कांग्रेस के शीर्ष पदों पर बैठे नेताओं द्वारा इस तरह की पोस्ट किए जाने से यह स्पष्ट हो जाता है कि कांग्रेस विकास के साथ नहीं, बल्कि हिंसा फैलाने वाले नक्सलवादियों के साथ खड़ी दिखाई देती है। देश विरोधी तत्वों के प्रति नरम रुख अपनाना कांग्रेस के चरित्र की पहचान बन चुका है। भाजपा का स्पष्ट प्रश्न कांग्रेस से कांग्रेस को अब राष्ट्र के सामने स्पष्ट करना ही होगाः क्या आप विकास, शांति और लोकतंत्र के साथ हैं? या उन दुर्दांत नक्सलियों के साथ खड़े हैं जिन्होंने हमारे बहादुर जवानों को शहीद किया? कोमल सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी नक्सलवाद के हर रूप का कड़ा विरोध करती है और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए कार्य करने वाले प्रत्येक जवान के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। नक्सली हिंसा को वैचारिक समर्थन देने वाली किसी भी प्रवृत्ति को भाजपा कभी स्वीकार नहीं करती। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में भी नक्सलवाद के हौसले बुलंद थे । भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने नक्सलवाद को प्रदेश ही नहीं पूरे देश में खत्म करने का संकल्प लिया है।

### विभूति अलंकरण समारोह में प्रदेश की 121 विभूतियों का सम्मान होगा

**रायपुर 23 नवंबर।** प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच एवं दैनिक समाचार पत्र दबंग स्वर द्वारा रविवार 23 नवंबर को प्रातः10 बजे वृन्दावन सभागृह रायपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदेश भर के 121 व्यक्तित्वों का सम्मान किया जायेगा द्य इस अवसर पर दैनिक दबंग स्वर के दुर्ग संस्करण का विमोचन भी होगा । उक्त जानकारी दैनिक दबंग स्वर के प्रधान संपादक पं. पी के तिवारी एवं वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते द्वारा एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छ ग शासन के पूर्व मंत्री श्री सत्यनारायण शर्मा होंगे द्य बस्तर के प्रख्यात कृषि विशेषज्ञ डॉ राजाराम त्रिपाठी अध्यक्षता करेंगे । जिला जन संपर्क अधिकारी अनिल सिंह, छ ग शासन की जनमत पत्रिका के संपादक अनिल द्विवेदी एवं जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गौतम आयोजन के विशिष्ट अतिथि होंगे द्य विभूति अलंकरण समारोह शीर्षक से हो रहे इस भव्य आयोजन में खेल, शिक्षा, अभिनय, राजनीति, समाज सेवा, साहित्य, पत्रकारिता, कला, संस्कृति, व्यवसाय, चिकित्सा, पुलिसिंग, विधिक सेवा में उल्लेखनीय कार्य कर रहे 121 विभूतियों का सम्मान किया

# 24 नवंबर शहीदी शताब्दी समागम पर जागरण यात्रा का आयोजन

**डोंगरगढ़ 23 नवंबर।** डोंगरगढ़ सिक्ख समाज द्वारा 24 नवंबर को शहीदी शताब्दी समागम पर नगर में एक जागरण यात्रा निकाली जायेगी। सिक्ख पंथ के नौवें गुरु हिंद की चादर नाम से विख्यात गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को 350 साल पूरे हो रहे हैं। उनकी शहादत की याद में पूरे देश सहित विश्व में उनकी शहादतकी याद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डोंगरगढ़ में जागरण यात्रा के दौरान सिक्ख समाज के लोगों के अलावा विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, समाज सेवी संस्थाओं के प्रमुख, समाज प्रमुख, शिक्षाविद, पत्रकार व बुद्धिजीवी शामिल होंगे। जागरण यात्रा प्रातः 10:30 बजे गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के सामने से निकाली जाएगी जो रेलवे चौक खंडूपारा, जयस्तम्भ चौक, गोल बाजार, जैन मंदिर मार्ग, भंडारी चाल, बुधवारी बाजार होती हुई वापस गुरुद्वारा जाकर समाप्त होगी। विभिन्न



स्थानों पर नवें बादशाह गुरु तेग बहादुर जी के बारे में प्रमुख लोग अपने व्यक्तत्व भी रखेंगे। गुरुद्वारा कमेटी के वरिष्ठ साहिब ने बताया कि यह यात्रा सर्व समाज की यात्रा होगी। यात्रा के पश्चात स्वलपाहर का आयोजन होगा। इसके अलावा 25 नवंबर को गुरुद्वारा में कीर्तन के दीवान सजेंगे। पूरे छत्तीसगढ़ में गुरुवाणी के 3500 पाठ तथा स्थानीय गुरुद्वारा में 150 वें पाठ की समाप्ति पर इस दिन गुरु का लंगर भी होगा। जिसमें सर्व समाज सादर आमंत्रित होगा। श्री साहिब जी ने बताया कि दिल्ली के चांदनी चौक में नौवें बादशाह गुरु तेग बहादुर जी ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपनी शहादत दी थी।

नकी शहादत संपूर्ण मानवता की धार्मिक स्वतंत्रता और सत्य के लिए थी। इन्होंने सदियों पहले एकता साहस और मानवता का संदेश दिया और हिंद की चादर के नाम से विख्यात हुए। उनकी याद में वहां पर विशाल गुरुद्वारा भी है। यह समागम केवल श्रद्धांजलि नहीं बल्कि गुरु साहिब की शिक्षा नीतियों और शहादत की भावना को आने वाली पीढियों तक पहुंचाने का प्रयास है आयोजन को लेकर नगर में खासा उत्साह है जागरण यात्रा को लेकर समाज के लोग तैयारी में व्यस्त हैं। गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने सर्व समाज के लोगों से जागरण यात्रा में शामिल होकर पुण्य का भागी बन सहभागिता निभाने अपील की गई है।

### कुल 5 प्रकरणों में 6 लाख 41 हजार 700 रुपए मूल्य का 207 क्विंटल अवैध धान जब्त

# जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर की जा रही कड़ी कार्रवाई

**■ अब तक कुल 35 प्रकरणों में 1 करोड़ 19 लाख 62 हजार 900 रुपए मूल्य के 3859 क्विंटल अवैध धान एवं 2 वाहन किया गया जब्त**

**राजनांदगांव 23 नवंबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 5 प्रकरणों में 6 लाख 41 हजार 700 रूपए मूल्य के 207 क्विंटल (518 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया। इसी तरह खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 35 प्रकरणों में 1 करोड़ 19 लाख 62 हजार 900 रूपए मूल्य के 3859 क्विंटल (9648 बोरा) अवैध धान एवं 2 वाहन जप्त किया गया है।



प्राप्त जानकारी अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 1 प्रकरणों में 93 हजार रूपए मूल्य के 30 क्विंटल (75 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगढ़ अनुविभाग में 4 प्रकरण में 5 लाख 48 हजार 700 रूपए मूल्य के 177 क्विंटल (443 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया है। इसी तरह खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 20 प्रकरणों में 74 लाख 36 हजार 900 रूपए मूल्य के 2399 क्विंटल (5998 बोरा) अवैध धान, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 11 प्रकरण में 36 लाख 39 हजार 400 रूपए मूल्य के 1174 क्विंटल (2935 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 4 प्रकरणों में 8 लाख 86 हजार 600 रूपए मूल्य के 286 क्विंटल (715 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया है।

जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जप्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये है। जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है। जहां पर मंडी, नगर सेना, वन विभाग एवं राजस्व के अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

### पड़ोसी को गंभीर चोट पहुंचाने वाले 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 23 नवंबर।** प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 20.11.2025 को रात्रि करीबन 07:00 बजे प्रार्थी के घर के बाहर रखे धान को पड़ोसी आरोपी सोनालाल एवं



अमन पटेल द्वारा गीला कर दिया गया, जिसे प्रार्थी के पिता द्वारा मना करने पर दोनों आरोपियों द्वारा अश्लील गाली-गलौज कर अपने घर में रखे पंखे में लगने वाले लोहे के मोटे राड को निकाल कर प्रार्थी के पिताजी के सिर पर जान से मारने की नीयत से प्राण घातक वार किया गया, जिस पर गंभीर चोट लगने से उसके पिता वहीं पर बेहोश हो गए। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 252/2025 धारा 296,115(2),351(3),109,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में संलिप्त दोनों आरोपियों के हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा धान गीला करने पर प्रार्थी के पिता द्वारा मना करने संबंधी बात को लेकर, अश्लील गाली गलौज कर लोहे के मोटे राड से मारपीट करते हुए उसे प्राणघातक चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 22.11.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## संभव स्टील ट्यूब्स की क्रीडा प्रतियोगिता में 31 स्कूलों के बच्चों ने शिरकत की

**तिल्दा -नेवरा 23 नवंबर।** संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता संपन्न हुआ। रायपुर जिला तिल्दा ब्लांक के ग्राम सरोरा के हाईस्कूल मैदान में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में बारह गांव के इकतीस स्कूलों के छात्र छात्राओं ने शिरकत किया । जिनमे तिल्दा , सिमगा, धरसीवां तहसील से ग्राम सरोरा सांकरा , ओटगन परसदा,,भुरसुदा, बिलाडी, बुंदेली,बिनेका , हथबंद, केसदा, रिंगनी,नेवधा, कुथरैल रैता के स्कूल प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । वहीं इन स्कूलों में से लगभग 650 प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने बढ़कर प्रतियोगिता में हिस्सेदारी निभाई । क्रीडा प्रतियोगिता की सफ्लता का श्रेय विशेष व्यक्तित्व श्री मति शीतल गोयल सी एस आर प्रमुख, श्री मति उमेश्वरी विश्राम साहू सरपंच सरोरा ,बसंत सिंह विनोद उप सरपंच सरोरा, तान सिंह बंछोर



उपप्राचार्य मिडिल स्कूल सरोरा , सहित समस्त स्कूलों के उपस्थित खेल? प्रभारियों के अलावा संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के दुर्गेश आडिल सहायक उपाध्यक्ष,एम जी के मूर्ति महाप्रबंधक,चिरंजीत राय ?,गुलाब साहू , राजकुमार निषाद ,सुचिता जैन , लक्ष्मी देवांगन,हिमांचल वर्मा,धनेश साहू , राकेश निर्मलकर, जितेन्द्र वर्मा,किशोर का विशेष योगदान रहा ?। गौरतलब हो कि श्री बृजलाल गोयल के द्रष्टिकोण को मूर्त देने की उद्देश्य से संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले सभी गांवो के शासकीय विद्यालयों के मध्य संभव स्पोर्ट्स फेस्ट के नाम पर अंतर्विद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ?जिसमे हथबंद विद्यालय से सबसे अधिक पद्म जीतकर संभव चक्र पर विजय प्राप्त किया है । इस अवसर पर श्रीमती शीतल गोयल ने कहा कि,पढ़ाई के साथ साथ बच्चों की विकास के लिए खेलकुद भी अतिआवश्यक है। जिससे मानसिक विकास के अलावा शारिरिक विकास भी होता है । उन्होंने कहा कि इस खेलकूद प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर खेलकूद के प्रति रूझान बढ़ाना है ।

## कर्तव्य में लापरवाही और कदाचरण पर 5 शिक्षक तत्काल प्रभाव से निलंबित

**सिमगा/बलौदाबाजार23 नवंबर।** स्कूली शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और शासकीय कार्यों में लापरवाही के प्रति ÷जीरो टॉलरेंस÷ की नीति अपनाते हुए, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, बलौदाबाजार द्वारा विकासखंड सिमगा के चार शिक्षकों पर निलंबन की गाज गिरी है। इन शिक्षकों को अलग-अलग मामलों में कदाचरण और शासकीय कार्य में घोर लापरवाही का दोषी पाया गया है। मामला 1: मदिरा सेवन और अनुशासनहीनता (4 शिक्षक निलंबित) विद्यालय की गरिमा को धूमिल करने और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत कार्य करने के आरोप में निम्नलिखित तीन शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया हैः

श्री विजय कुमार ध्रुव सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर सिमगा, श्री नरेंद्र कुमार ध्रुव, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला, चोरहानवागांव, श्री उमेश कुमार वर्मा, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला, मोटियारीडीह, श्री संदीप साहू, सहायक शिक्षक (एलबी), शासकीय प्राथमिक शाला, मोटियारीडीह

उक्त शिक्षकों पर विद्यालयीन समय में मदिरा सेवन/अशोभनीय आचरण और पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिसके आधार पर यह अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है।

मामला 2: निर्वाचन कार्य में लापरवाही (1 शिक्षक निलंबित)

इसके अतिरिक्त, निर्वाचन आयोग के अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य 'विशेष गहन पुनरीक्षण' में लापरवाही बरतने पर भी एक शिक्षक पर कार्यवाही की गई हैः श्री मिथलेश कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक (एलबी), शासकीय प्राथमिक शाला, केसदा

श्री वर्मा बी.एल.ओ. के रूप में कार्यरत थे। इनके द्वारा निर्वाचन कार्य में रुचि न लेने और उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने के कारण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिमगा के प्रस्ताव पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इन्हें निलंबित किया गया है।

### जिला न्यायलय परिसर में महत्वपूर्ण सेमिनार का हुआ आयोजन

# न्याय की नींव सत्य,समानता और निष्पक्षता पर आधारित है:रमेश सिन्हा

**बलौदाबाजार, 23 नवंबर।** जिला अधिवक्ता संघ बलौदाबाजार द्वारा शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर, बलौदाबाजार में ÷विधि के शासन न्याय की आधारशिला÷ विषय पर महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही।इसके साथ ही न्यायमूर्ति रजनी दबे, न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय, न्यायमूर्ति बिभू दत्त गुरु भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।



मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपने प्रभावशाली उद्बोधन में विधि के शासन' की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति यही है कि देश में कानून सर्वोपरि है और कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा पद कानून से ऊपर नहीं है। विधि के शासन यह सुनिश्चित करता है कि समाज के कमजोर वर्ग, महिलाएं, बच्चे, पीडित, विचाराधीन बंदी और प्रत्येक व्यक्ति को समान न्याय मिले। 'विधि के शासन' ही कमजोरों को शक्तिशाली से सुरक्षा प्रदान करता है तथा शासन में समानता, निष्पक्षता, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। न्यायपालिका, अधिवक्ता एवं अभियोजन सभी मिलकर न्याय प्रणाली की इस नींव को मजबूत बनाने के उत्तरदायी हैं।

मुख्य न्यायाधीश ने विधि के शासन स्थापित किये जाने में अधिवक्तागण की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि अधिवक्ता समुदाय न्याय प्रणाली के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, न्याय की यात्रा प्रायः एक अधिवक्ता से प्रारंभ होती है। आम नागरिक सबसे पहले उन्हीं से न्याय की आशा लेकर मिलता है। अधिवक्ता केवल मुकदमों का प्रतिनिधित्व ही नहीं करते, बल्कि वे न्याय के वाहक, अधिकारों के रक्षक और संविधान के प्रहरी होते हैं। अधिवक्ता, पक्षकारों की पीडा को अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं और न्यायालय के समक्ष दृढ़ता से प्रस्तुत करते हैं। अधिवक्ता का दायित्व न केवल अपने पक्षकार के प्रति है अपितु न्यायालय, समाज एवं सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रति होता है। जनता का विश्वास इसी समन्वय से निर्मित होता है कि अधिवक्ता ईमानदारी से तथ्य और कानून प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिवक्ताओं को जनता और न्यायालय के बीच मुख्य सेतु बताते हुए उन्हें जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील रहने के लिए बल दिया।

मुख्य न्यायाधीश न्यामूर्ति रमेश सिन्हा ने वर्तमान समय में न्यायालयीन कार्य एवं प्रक्रिया में अधोसंरचना, मूलभूत सुविधाएँ, प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटरीकरण एवं संचार साधनों के उपयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि डिजिटल कोर्ट, ई-फाइलिंग तथा वर्चुअल सुनवाई की प्रणाली तेजी से विकसित हो रही है,इन बदलावों में अधिवक्ता सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।अतः सीखने की क्षमता में वृद्धि कर नवीन तकनीक को अपनाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। तकनीक, न्याय की गति एवं पारदर्शिता को और अधिक सुदृढ़ कर सकती है।

## समाचार संक्षेप

### 7 माह में 16 सौ से अधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन,943 वृद्धजनों को चश्मा वितरण



**बलौदाबाजार,23 नवंबर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर उपस्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले नेत्र रोगियों की लाइन लिस्टिंग, जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।प्रगति रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से अक्टूबर 2025 तक जिले में 1639 मोतियाबिंद ऑपरेशन किए गए हैं। शेष अवधि में सभी विकासखंडों को 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। स्कूली बच्चों के नेत्र स्क्रीनिंग कार्य को नवंबर माह तक पूर्ण करने कहा गया। जिले में अब तक 757 बच्चों एवं 943 वृद्धजनों को चश्मा वितरण किया जा चुका है। बैठक में सभी स्वास्थ्य केंद्रों में साप्ताहिक नेत्र क्लीनिक का नियमित आयोजन तथा डायबिटिक व हाइपरटेंसिव मरीजों की रेटीनोपैथी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। कॉर्नियल दृष्टिहीनता मुक्त राज्य योजना के तहत इस वर्ष जिले में 2 नेत्रदान प्राप्त हुए जिनकी संख्या बढ़ाने के लिए जनजागरूकता के प्रसार हेतु भी कहा गया । उन्होंने सीएचसी- पीएचसी में आने वाले मरीजों की टोनोमीटर से अनिवार्य जांच तथा 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की ग्लूकोमा स्क्रीनिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा । नेत्र सहायक अधिकारियों को ग्लूकोमा, चाइल्डहुड ब्लाइंडनेस, लो विजन आदि रोगों की जानकारी भी प्रदान की गई। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए विकासखंड भाटापारा के नेत्र सहायक अधिकारी किस्मत गुलेरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया गया।

### श्रमिकों से पलायन न करने की अपील की



**सिमगा 23 नवंबर।** विकासखंड में मनरेगा के अंतर्गत 123 गांवों में सभी प्रकार के कार्य स्वीकृत, श्रमिकों से पलायन न करने की अपील सिमगा। सिमगा विकासखंड स्थित क्षेत्र के अंतर्गत 104 ग्राम पंचायतों और 123 ग्रामों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत श्रमिकों के लिए सभी प्रकार के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। ओके कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिमगा ,कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा एवं जनपद अध्यक्ष दौलत पाल. उपाध्यक्ष गोपालशुक्ला .सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे द्वारा श्रमिकों से अपील की गई है कि वे गांव में ही श्रम कार्यों में जुटें, पलायन न करें।ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है और मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन सक्रिय है। ग्रामीणों को समझाया जा रहा है कि वे रोजगार की तलाश में बाहर न जाएं, जिससे स्थानीय स्तर पर ही उन्हें आय के साधन मिल सकें।

### बाल मेला का आयोजन



**डोंगरगढ़ 23 नवंबर।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम नवागांव कोलिहापुरी के शासकीय प्राथमिक शाला में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाल मेला का आयोजन स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं,ग्रामवासियों सहित जनप्रतिनिधियो की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। बाल मेला के अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओ आयोजित मेला में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बाल मेला में बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए पूर्व जनपद उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि मदनलाल देवांगन, उपसरपंच ताराचंद सिन्हा, हेमनाथ वर्मा, संतोष निषाद सहित शाला के शिक्षक कनक साहू, श्रीमती मंजरी गजभीये, हेमंत सिन्हा व शाला के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### कौरिनभाठा में संक्रामक बीमारी की शिकायत, महापौर ने किया विजिट

**राजनांदगांव 23 नवंबर।** कौरिनभाठा के राधाकृष्ण मंदिर पास के क्षेत्र में संक्रामक बीमारी पीलिया फैलने की शिकायत पर महापौर श्री यादव ने विजिट कर संबंधित क्षेत्र में पाईप लाईन की जॉच करने, गैंग लगाकर सफाई कराने, क्लोरिन टेबलेट वितरण करने एवं हैल्थ कैंप लगाने के निर्देश दिए। महापौर श्री यादव ने कौरिनभाठा में पीलिया जैसी संक्रमक बीमारी होने संबंधी जानकारी मिलते ही जल विभाग के उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे से संबंधित क्षेत्र के पाईप लाईन की जॉच करने के निर्देश दिए तथा पानी में नियमित रूप से क्लोरिंन की मात्रा चेक करने कहा। उन्होंने कहा कि गंदे पानी आने या पाईप लाईन लिकेज जैसी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करे, ताकि संक्रामक बीमारी न फैले। उन्होंने एमएमयू की टीम को स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने भी कौरिनभाठा के अलावा श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र जहॉ संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका होती है, वहॉ नियमित रूप से पाईप लाईन चेक करने के अलावा फिल्टर प्लांट में पानी में क्लोरिन की मात्रा नियमित रूप से जॉच करने, एलम एंव अन्य आवश्यक सामाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखने के निर्देश दिए।

## सबका अपना अधिकार क्षेत्र तय है फिर......

संपादकीय

लोकतंत्र में कई संवैधानिक संस्थाएं होती है, संविधान से सबको अधिकार मिला हुआ है। सबका अपना अधिकार क्षेत्र है। सबको अपना अधिकार क्षेत्र मालूम हो तो कोई समस्या पैदा नहीं होती है। समस्या तब पैदा होती है जब किसी भी बहाने से एक संवैधानिक संस्था अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर कोई फैसला करती है। इस तरह के फैसले इसलिए लिए जाते हैं कि एक संस्था दूसरी संस्था को बता सके कि संविधान ने उसको भी अधिकार दिए हैं, वह भी कुछ कर सकता है। कुछ कर नहीं सकता तो कुछ कह तो सकता ही है।आदमी की तरह संवैधानिक संस्थाओं के पद पर बैठे लोगों का भी अपना अहंकार होता है, उनको लगता है कि वह भी खास हैं, वह भी कुछ कर सकते हैं। उनको लगता है कि न्याय करना उनका अधिकार है,कोई भी उनसे न्याय मांगने आयेगा तो उसके साथ न्याय करना कहीं से भी गलत नहीं है। अतिउत्साह में जब न्याय किया जाता है तो वह न्याय न होकर अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर फैसला करना हो जाता है। सरकारें राजनीतिक दलों की होती है,जब केंद्र व राज्य में अलग अलग दलों की सरकार होती है तो विवाद होते हैं।राज्यपाल केंद्र के द्वारा नियुक्त किए जाते हैं और राज्यपाल का उपयोग राजनीतिक तौर पर किया जाता रहा है। ऐसे में विपक्ष शासित राज्य सरकार कई कानून बनाती है, उसे राज्यपाल के पास भेजती है तो राज्यपाल किसी भी कारण से उस पर जल्द फैसला नहीं करते हैं तो विपक्षी दलों की सरकारें मान लेती हैं कि ऐसा राजनीतिक कारणों से किया गया है। विपक्षी दल ऐसी स्थिति में एक संवैधानिक संस्था के खिलाफ दूसरी संवैधानिक संस्था के पास शिकायत करते हैं कि राज्यपाल अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर उनके जरूरी बिल पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। कोर्ट को इस मामले में राज्यपाल के लिए कोई समयसीमा तय करनी चाहिए। तमिलनाडु सरकार ने ऐसा ही किया था,वह सुप्रीम कोर्ट गए थे और सुप्रीम कोर्ट ने फैसला किया था कि तीन माह में राज्यपाल को विधेयक को मंजूरी देनी होगी। सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार ही नहीं था कि वह राज्यपाल के लिए कोई समय सीमा तय करे कि इतने समय में किसी विधेयक पर उनको फैसला लेना होगा। यह सीधा सीधा राज्यपाल के अधिकारों को सीमित करना था, ऐसा किया नहीं जा सकता था, इसलिए सवाल उठे जो किया गया है वह सही है या गलत है। राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से सवाल पूछे कि ऐसा किया गया है तो क्या यह सही है। सुप्रीम कोर्ट के लिए जवाब देना जरूरी था,सुप्रीम कोर्ट बड़ी पीठ ने इस मामले में कई दिनों तक सुनवाई की और अब जाकर फैसला दिया है कि विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपाल व राष्ट्रपति पर कोई समयसीमा लागू सुप्रीम कोर्ट नहीं कर सकता। न ही वह यह कह सकता है कि राज्यपाल तीन माह में विधेयकों को मंजूरी नहीं देते हैं तो विधेयक अनुमोदित मान लिया जाएगा। बड़ी पीठ ने राज्यपाल के अधिकार के बारे में साफ कर दिया है कि राज्यपाल अनुच्छेद 200 के तहत मिले अधिकारों से परे जाकर किसी विधेयक को लंबित नहीं रख सकते, अनंत देरी पर राज्यपाल को उचित समय पर संवैधानिक दायित्व पूरा कहने को कोर्ट कह सकता है। सीधी सी बात है कि तमिलनाडु मामले में सुप्रीम कोर्ट की पिछली खंडपीठ ने जो फैसला दिया था वह उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर था।अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के फैसले का गुण दोष के आधार पर कोर्ट कोई जांच नहीं कर सकता। क्योंकि राज्यपाल को न्यायिक कार्रवाई से छूट है पर इससे अनुच्छेद 200 के तहत लंबी निष्क्रियता के मामले में सीमित न्यायिक समीक्षा रद्द नहीं हो जाती।राज्यपाल की जो भूमिका है,उसकी जगह अन्य कोई संवैधानिक निकाय नहीं ले सकता। राज्यपाल का यह अधिकार है कि कोई विधेयक उसके पास आया है तो वह उसको मंजूरी दे, सुझाव के साथ लौटा दे या राष्ट्रपति को भेजे। राज्यपाल विधेयक को कब मंजूरी दे, यह राज्यपाल का अधिकार है,यह सही है। राज्यपाल को कोई भी मजबूर नहीं कर सकता कि उसको इतने समय में ही विधेयक को मंजूरी देना है। तमिलनाडु मामले में ऐसा किया गया था, यह गलत था और सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में माना है कि तमिलनाडु मामले में गलत फैसला दिया गया था। यानी राज्यपाल को जो फैसला करना है,वह राज्यपाल ही करेंगे, सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल की जगह नहीं ले सकता। दोनों के अपने अधिकार है,दोनों को अपने अधिकारों का विवेक से उपयोग करना चाहिए।

# परिवारवाद के आरोपों से उठा सियासी तूफ़ान-आरजेडी बनाम एनडीए की टकराहट

राजनीति

किशन सनमुखदास भावनानी



बिहार विधानसभा चुनाव क़े आए हैरत अंगेज़ नतीजों के बाद बिहार की राजनीति एक बार फिर से परिवारवाद के आरोपों के इर्द-गिर्द घूमने लगी है। नई सरकार के गठन के बाद 21 नवंबर 2025 को देर श्याम जिस तरह से आरजेडी ने मुख्यमंत्री और भारत क़े प्रधानमंत्री पर तीखे सवाल दागे हैं,उसी तीव्रता से बीजेपी ने भी जवाबी हमला करके पूरे राजनीतिक विमर्श को नई दिशा की ओर मोड़ दिया है। बिहार में सत्ता परिवर्तन के हर चरण के साथ परिवारवाद का मुद्दा किसी धधकते अंगारे की तरह सामने आता रहा है,कभी शांत, तो कभी भड़कता हुआ।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि यह बहस महज़ राजनीतिक रणनीति नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र के भीतर वंशवाद बनाम योग्यता के बड़े विमर्श का हिस्सा है, जो दशकों से विभिन्न राज्यों में अलग-अलग रूपों में सामने आता रहा है।नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद आरजेडी ने जिस आक्रामक अंदाज़ में नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी को घेरा,उससे यह साफ़ हो गया कि आने वाला राजनीतिक सीज़न सिर्फ़ विकास या प्रशासनिक मुद्दों पर नहीं, बल्कि सत्ता में "कौन और क्यों" शामिल है,इस सबसे संवेदनशील प्रश्न पर भी केंद्रित रहेगाआरजेडी ने कहा कि परिवारवाद पर सबसे ज़्यादा शोर मचाने वाले अब स्वयं उसी प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहे हैं, इसलिए उन्हें अपने ही आरोपों का जवाब देना चाहिए। यह हमला इसलिए भी तीखा माना गया क्योंकि आरजेडी ने सीधे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जैसे दो शीर्ष पदों को इस बहस के केंद्र में रख दिया।आरजेडी का तर्क स्पष्ट है,यदि हमारी पार्टी पर वर्षों से परिवारवाद के आरोप लगाए जाते रहे हैं, तो फिर वही कसौटी उन लोगों पर क्यों न लागू की जाए जो इस मुद्दे को नैतिकता और राजनीतिक शुचिता के चश्मे से देखने की बात करते हैं? इस आरोप के उठने भर से बिहार का राजनीतिक माहौल गरमाना स्वाभाविक था।

साथियों बात अगर हम कैबिनेट गठन के बाद बढ़ाविवाद कौन किसका बेटा की सूची और बयानबाज़ी की तीक्ष्णता को समझने की करें तो,नीतीश सरकार के नए मंत्रिमंडल ने जैसे ही शपथ ली,आरोपों की नई पर्तें खुलनी शुरू हो गईं। आरजेडी ने मंत्रियों की एक सूची जारी की, जिसमें दिखाया गया था कि नए कैबिनेट के कई चेहरे किसी न किसी रूप में राजनीतिक परिवारों की अगली पीढ़ी से आते हैं,कोई पूर्व मुख्यमंत्री का बेटा, कोई पूर्व मंत्री का वारिस, कोई जिला स्तर के शक्तिशाली परिवार का सदस्य।आरजेडी का तर्क था कि यही वही तत्व है जिसे एनडीए "परिवारवाद का विरोध" कहकर चुनावी मंचों पर चुनौती देता रहा है।यह सूची जारी होते ही राजनीतिक तापमान और बढ़ गया। आरोप और प्रत्यारोप इस कदर गहरे हो गए कि बहस अब राजनीतिक समीकरणों से निकलकर राजनीतिक नैतिकता और सिद्धांतों के बड़े दायरे में पहुंच गई। आरजेडी ने कहा कि जो लोग चुनावों में वंशवाद के ख़िलाफ़ क्रांति की बात करते थे, अब वही अपने शासन में परिवारों को ही सबसे बड़ी भूमिका दे रहे हैं।

साथियों बात अगर हममंत्रिमंडल में जगह पाए इस परिवारवादी सूची तथा व्यंग्य, कहावतें और राजनीतिक कटाक्ष,बिहार की सियासत की सदाबहार शैली को देखकर समझने की करें तो (1) संतोष सुमन-पूर्वसीएम व गया से सांसद और वर्तमान केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का पुत्र, वर्तमान विधायक ज्योति मांझी का दामाद और वर्तमान विधायक दीपा मांझी का पति संतोष सुमन मांझी (2) सम्राट चौधरी-पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी और पूर्व विधायक दिवंगत पार्वती देवी का उपमुख्यमंत्री पुत्र सम्राट चौधरी। (3) दीपक प्रकाश-पूर्व केंद्रीय मंत्री, वर्तमान राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा और वर्तमान विधायक स्नेहलता का पुत्र दीपक प्रकाश।(4) श्रेयसी सिंह- पूर्व केंद्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व सांसद पुतुल कुमारी की पुत्री श्रेयसी सिंह।(5) रमा निषाद -पूर्व केंद्रीय मंत्री कैप्टन जय नारायण निषाद की बहु और पूर्व सांसद अजय निषाद की पत्नी रमा निषाद। (6) विजय चौधरी- पूर्व विधायक जगदीश प्रसाद चौधरी का पुत्र विजय चौधरी। (7) अशोक चौधरी-पूर्व मंत्री महावीर चौधरी का पुत्र और समस्तीपुर की वर्तमान सांसद शांभवी चौधरी का पिता अशोक चौधरी (8) नितिन नबीन-पूर्व विधायक नवीन किशोर सिन्हा का पुत्र नितिन नबीन।(9)सुनील कुमार- पूर्व मंत्री चन्द्रिका राम का पुत्र और पूर्व विधायक अनिल कुमार का भाई सुनील कुमार।(10) लेसी सिंह- समता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष दिवंगत भूटन सिंह की पत्नी लेसी सिंह।व्यंग्य, कहावतें और राजनीतिक कटाक्ष, बिहार की सियासत कीसदाबहार शैली-बिहार की राजनीति में व्यंग्य हमेशा ही बहस का एक प्रमुख हथियार रहा है। आरजेडी ने परिवारवाद पर अपने हमले को और तीखा करनेके लिए प्रसिद्ध कहावतों और दोहों का इस्तेमाल किया।वंशजों की पालकी उठवाए चारों दिशाम, फिर दूसरों के नीति पर दें कैसे वो ज्ञान इसी तरह आरजेडी ने सबको परिचित कहावत का सहारा लिया-"जिनके सूप ही हजारो छेद है, वो चलनी पर क्या सवाल खड़े करेंगे।"ये पंक्तियाँ केवल शाब्दिक कटाक्ष नहीं थीं, बल्कि यह संकेत भी थीं कि राजनीतिक बहस अब तर्क के स्तर से भावात्मक और सांस्कृतिक प्रतीकों के स्तर पर जा चुकी है। बिहार जैसे राज्य, जहाँ लोककथाएँ और कहावतें सामाजिक चेतना का हिस्सा हैं, वहाँ इस प्रकार के व्यंग्य राजनीतिक प्रभाव को कई गुना बढ़ा देते हैं। साथियों बात अगर हम एनडीए का पलटवार,परिवारवाद की 'नई परिभाषा' और राजनीति की बदलती भाषा को समझने की करें तो, जैसे ही आरजेडी के आरोपों ने गति पकड़ी, वैसे ही एनडीए नेताओं का जवाब भी तेजी से सामने आया। बीजेपी के वरिष्ठ नेता दिलीप जायसवाल ने सीधे तौर पर कहा कि विपक्ष आज तक परिवारवाद की परिभाषा समझ ही नहीं पाया है। उनके अनुसार, परिवारवाद केवल मंत्री या विधायक का बेटा मंत्री बनने तक सीमित नहीं है;परिवारवाद का असली अर्थ है,जब कोई प्रधानमंत्री का बेटा प्रधानमंत्री बने, मुख्यमंत्री का बेटा मुख्यमंत्री बने,और सत्ता पूरी तरह वंशगत विरासत में बदल जाए।उनका संकेत स्पष्ट रूप से कांग्रेस,समाजवादी पार्टी और आरजेडी की ओर था। वे कह रहे थे कि नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार, या भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में परिवारवाद का कोई स्थान नहीं है, इसलिए आरजेडी के आरोप निराधार हैं।एनडीए की यह "नई परिभाषा" राजनीतिक बहस के नए विमर्श की तरह सामने आई। अब सवाल केवल पद पाने का नहीं, बल्कि सत्ता के शीर्ष वंश के जन्मगत अधिकारों का बनाम जनता के प्रतिनिधि चुनाव से मिलने वाली वैधता का बन गया। साथियों बातें अगर हम सोशल मीडिया पर बहस समर्थन तंज़ और राजनीतिक ध्रुवीकरण को समझने की करें तो, राजनीति का हर मुद्दा अब सोशल मीडिया पर तुरंत ही ट्रेंड बन जाता है, और परिवारवाद का मुद्दा भी इससे अलग नहीं रहा। आरजेडी समर्थकों ने जैसे ही कैबिनेट में शामिल "परिवारवाद के चेहरे" वाली सूची सामने रखी, कई यूज़र ने इसे "एनडीए का दोहरा चेहरा" बताया। उनका कहना था कि भाजपा परिवारवाद को लेकर केवल उन दलों पर उंगली उठाती है,जिनसे उसका वैचारिक विरोध है, लेकिन जब बात सहयोगी दलों या अपनी सरकार के मंत्रियों की हो, तो वही मापदंड गायब हो जाते हैं।वहीं दूसरी तरफ़ एनडीए समर्थकों ने इस पूरे विवाद को "हार के बाद की निराशा" बताया। उनका तर्क था कि जिन दलों को जनता ने बार-बार अस्वीकार किया, वे अब उन्हीं मुद्दों को उछालकर अपनी खोई ज़मीन तलाश रहे हैं, जिन पर जनता अब भरोसा नहीं करती। सोशल मीडिया की यह दोहरी प्रतिक्रिया इस बात का संकेत है कि बिहार की राजनीति केवल विधानसभा या संसद के मंच तक सीमित नहीं है; यह हर मोबाइल स्क्रीन का मुद्दा और हर मतदाता की भावनात्मक दुनिया का हिस्सा बन चुकी है।

साथियों बात अगर हम परिवारवाद पर बहस का गहरा पक्ष,लोकतंत्र, अवसर और बदलता राजनीतिक समाज इसको समझने की करें तो,परिवारवाद की बहस केवल बिहार की राजनति तक सीमित नहीं है; यह भारत की राजनीतिक संस्कृति का बड़ा प्रश्न है। लोकतंत्र का आधार समान अवसर और योग्यता है,जबकि वंशवाद इसेसीमित करता है। लेकिन भारतीय राजनीति में परिवारवाद का दूसरा पहलू भी है,राजनीतिक परिवारों की सामाजिक पहुंच, नेटवर्क और वर्षों का अनुभव कभी-कभी उन्हें चुनावी राजनीति के प्राकृतिक खिलाड़ी बना देता है।यही कारण है कि भारत के लगभग हर राज्य में, चाहे वह तमिलनाडु हो, उत्तर प्रदेश हो,या पंजाब,राजनीतिक परिवार अपनी भूमिका बनाए रखते हैं। बिहार भी इससे अलग नहीं है।वर्तमान बहस यही सवाल उठाती है कि क्या राजनीति में परिवारवाद स्वाभाविक है या इसे चुनौती देने की आवश्यकता है? क्या राजनीतिक परिवारों का होना अपने आप में समस्या है, या समस्या तब पैदा होती है जब निर्णय केवल वंश के आधार पर लिए जाते हैं और योग्यता को नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है?एनडीए और आरजेडी का मौजूदा विवाद इसी बड़े प्रश्न का छोटा रूप है। साथियों बात अगर हम भारतीय पीएम का उल्लेख और बहस का राष्ट्रीय विस्तार इसको समझने की करें तो,जब भी परिवारवाद की बात होती है, भारतीय पीएम का विशेष उल्लेख होता है क्योंकि उन्होंने कई चुनावों में परिवारवाद को राष्ट्रीय राजनीति की सबसे बड़ी बीमारी बताया है।आरजेडी का यह दावा कि बिहार के कैबिनेट में परिवारवाद के उदाहरण मौजूद हैं, और पीएम को इसका जवाब देना चाहिए,इस बहस को तुरंत राष्ट्रीय राजनीति के स्तरपर ले आया।पीएम हमेशा यह कहते रहे हैं कि उनका परिवार "130 करोड़ भारतीय" हैं। यही कारण है कि बीजेपी यह तर्क देती है कि मोदी के नेतृत्व में परिवारवाद के आरोप बेमानी हैं। लेकिन विपक्ष के अनुसार,"परिवारवाद" शब्द का राजनीतिक उपयोगकेवल विरोधियों को बदनाम करने के लिए किया जाता है, न कि अपने गठबंधन के भीतर लागू करने के लिए। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि परिवारवाद के आरोपों से उठा सियासी तूफ़ान-आरजेडी बनाम एनडीए की टकराहट,परिवारवाद की बहस केवल बिहार की राजनीति तक सीमित नहीं;यह भारत की राजनीतिक संस्कृति का बड़ा प्रश्न है,वंशवाद,लोकतंत्र का आधार, समान अवसर और योग्यता क़ो सीमित करता है'

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। महत्वपूर्ण कार्य में आप आगे रहेंगे। भाग्य का आज आपको पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी बड़े लक्ष्य को पकड़कर चलना होगा।

वृषभ आज आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचना होगा। आप किसी काम में लापरवाही बिल्कुल ना करें। बड़ों का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा और आप किसी से धन उधार लेने से बचें, नहीं तो आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है।

मिथुन आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा, क्योंकि आपके विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आप अपने बिजनेस को आगे तक ले जाने की कोशिश में लगे रहेंगे, लेकिन किसी के साथ पार्टनरशिप आपको समस्या देगी। आपकी पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी और आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा।

कर्क

आज का दिन आपके लिए अपने खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में किसी अजनबी से सलाह ना लें। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

सिंह आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपका कोई बड़ा लक्ष्य पूरा हो सकता है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। विद्यार्थियों का पठन-पाठन में खूब मन लगेगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर-परिवार में चल रही समस्याएं आज फिर से सिर उठाएंगी, जो आपके टेंशनों को बढ़ाएंगे। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आप किसी बात को लेकर बहसबाजी में ना पड़ें।

तुला आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप कुछ नए लोगों से मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। आपको बड़ों की भावनाओं का सम्मान करना होगा। आप दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएंगे और कहीं घूमने-फिरने जाने की प्लानिंग भी कर सकते हैं।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति की प्राप्ति के लिए रहेगा। करियर को लेकर दिन परेशान रहेगा, तो आपको कोई बेहतर अवसर हाथ लग सकता है। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे। धन संबंधित मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा।

धनु आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा। दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपकी कोई प्रॉपर्टी को लेकर डील यदि अटकी हुई थी, तो उसकी बातचीत फिर से शुरू हो सकती है। आप बिजनेस में नई योजनाओं को लेकर बातचीत करेंगे।

मकर आज आप अपनी वाणी और व्यवहार से लोगों का दिल जीतेंगे। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। आज आपके काम की गति थोड़ी धीमी हो सकती है, लेकिन आपके अंदर ऊर्जा अधिक रहेगी। आपको छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ के अवसरों को हाथ से नहीं जाने देना है। आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। प्रतिस्पर्धा का आपके मन में बना रहेगा।

मीन आज का दिन आपको बिजनेस में अच्छा लाभ दिलाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। आप अपने कामों से लोगों का भरोसा जीतेंगे। आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग आप पर बना रहेगा।

## सू- दोकू क्र.237

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.236 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य - 237

बाएं से दाएं :

[illegible]

ऊपर से नीचे

[illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 236 का हल

# नीतीश का सुशासन मॉडल अब भाजपा की कसौटी पर, सम्राट चौधरी की बड़ी परीक्षा शुरू

स्वदेश कुमार ,लखनऊ



बिहार की राजनीति ने एक नया मोड़ ले लिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भले ही दसवीं बार पद पर आसीन हुए हैं, लेकिन असली सत्ता का केंद्र अब भाजपा के हाथ में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पटना में हाल ही में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में 26 मंत्रियों ने शपथ ली, जिनमें 14 भाजपा और केवल 8 जेडीयू के प्रतिनिधि थे। यह संख्या-बदलाव सत्ता संतुलन में भाजपा की बढ़ती पकड़ को स्पष्ट करता है। मंच पर यह दृश्य साफ था कि अब सत्ता का असली असर भाजपा के हाथ में है।सबसे बड़ा संकेत तब मिला जब गृह मंत्रालय, जिसे नीतीश कुमार ने पिछले लगभग 20 साल तक स्वयं संभाला, अब भाजपा को सौंपा गया। डिप्टी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अब इस संवेदनशील विभाग के प्रमुख हैं। गृह मंत्रालय का नियंत्रण केवल पुलिस और कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राजनीतिक और प्रशासनिक शक्ति का प्रतीक बन चुका है। अब राज्य में अपराध नियंत्रण, इंटेलिजेंस ऑपरेशन और सुरक्षा मामलों में भाजपा का सीधा प्रभाव रहेगा।सम्राट चौधरी का राजनीतिक व्यक्तित्व आक्रामक और निर्णायक माना जाता है। उनकी चुनौती यह होगी कि वे नीतीश कुमार द्वारा स्थापित सुशासन के मानकों को बनाए रखें। नीतीश ने अपने कार्यकाल में अपराध पर सख्ती, फास्ट-ट्रैक कोर्ट की स्थापना और पुलिस को स्वतंत्र कार्रवाई की सुविधा देकर जनता में विश्वास पैदा किया था। अब यही जिम्मेदारी सम्राट चौधरी के कंधों पर आ गई है। जनता की अपेक्षाएँ ऊँची हैं और हर बड़ी घटना के बाद उनकी तुलना नीतीश के साथ होगी।

पुलिस प्रणाली और प्रशासनिक तालमेल भी उनकी परीक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। नीतीश के समय अफसरशाही को यह विश्वास था कि शीर्ष नेतृत्व सीधे कानून-व्यवस्था पर नजर रखता है। अब सम्राट चौधरी को यह भरोसा बनाए रखना होगा कि पुलिस निष्पक्ष और सशक्त है। बड़े मामलों में त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई उनके नेतृत्व की परीक्षा होगी भाजपा की रणनीति स्पष्ट है। बिहार में गृह मंत्रालय की पकड़ के साथ पार्टी अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत कर रही है। सम्राट चौधरी की जातीय पृष्ठभूमि, उनकी कुशवाहा जाति, पार्टी के लिए उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में रणनीतिक लाभ भी दे सकती है। बिहार में उनके प्रभाव का विस्तार उत्तर प्रदेश के चुनावी माहौल और 2029 लोकसभा चुनाव की रणनीति से जुड़ा है।जेडीयू और भाजपा के बीच सत्ता संतुलन अब स्पष्ट रूप से भाजपा की ओर झुका है। मंत्रिमंडल में भाजपा ने 9 नए चेहरों को शामिल किया और केवल 5 पुराने मंत्रियों को पुनः स्थान दिया। यह बदलाव केवल संख्या का नहीं बल्कि राजनीतिक प्रभुत्व का संकेत है। जेडीयू को वित्त और सामान्य प्रशासन जैसे विभाग मिले हैं, जो नौकरशाही और राज्य नीति के संचालन में अहम हैं, लेकिन असली शक्ति अब गृह मंत्रालय में केंद्रित है। आने वाली चुनौतियाँ सम्राट चौधरी के लिए बड़ी हैं। सबसे पहली चुनौती यह है कि जनता और मीडिया उनकी तुलना नीतीश कुमार से करेंगी। हर बड़ी घटना पर यह सवाल उठेगा कि अगर नीतीश होते तो क्या होता। दूसरी चुनौती पुलिस प्रणाली और अफसरशाही के भरोसे को बनाए रखना है। नीतीश ने अपने कार्यकाल में यह सुनिश्चित किया था कि पुलिस स्वतंत्र और निष्पक्ष कार्रवाई करे। अब सम्राट को यह भरोसा बनाए रखना होगा। तीसरी चुनौती भाजपा नेतृत्व की उम्मीदों पर खरा उतरना है। उनकी सफलता सीधे पार्टी की साख और भविष्य की रणनीतियों से जुड़ी होगी। चौथी चुनौती एनडीए में संतुलन बनाए रखना है। भाजपा, जेडीयू और अन्य सहयोगी दलों के बीच कानून-व्यवस्था के मामले कभी भी विवाद का कारण बन सकते हैं। पांचवीं चुनौती सोशल मीडिया और मीडिया दबाव है। हर घटना तुरंत वायरल होगी और राजनीतिक हथियार बन सकती है। छठी चुनौती नई पहचान बनाना है। नीतीश के मॉडल को अपनाते हुए सम्राट को अपनी अलग छवि बनानी होगी। सातवीं चुनौती जातीय और सामाजिक तनाव पर नियंत्रण रखना है। बिहार में छोटे विवाद बड़े संघर्ष में बदल सकते हैं और पुलिस निष्पक्ष दिखनी चाहिए। आठवीं चुनौती जनता के भरोसे को बनाए रखना है। सुशासन की छवि कायम रखना और हर फैसले का जनहित में होना उनकी जिम्मेदारी होगी। केंद्र सरकार के दृष्टिकोण के अनुसार अवैध घुसपैठ और सीमांचल की सुरक्षा प्राथमिकता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में अवैध घुसपैठ के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। यह जिम्मेदारी भी अब सम्राट चौधरी के कंधों पर है। सीमा पार की निगरानी, बीएसएफ और एनआईए के साथ तालमेल और विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया उनके कार्यकाल में लागू होगी।भाजपा का लक्ष्य साफ है। बिहार में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा मामलों में केंद्र और राज्य का संयुक्त नियंत्रण स्थापित करना है। इसका मतलब है कि पुलिसिंग का स्वरूप बदलने वाला है। अपराध नियंत्रण में तेजी आएगी और राजनीतिक संतुलन मजबूत रहेगा। बुलडोजर और सख्त कार्रवाई के उदाहरण आने वाले समय में देखने को मिल सकते हैं।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार अब उत्तर प्रदेश की राह पर बढ़ सकता है। भाजपा का इरादा है कि केंद्र और राज्य के समन्वय से कानून-व्यवस्था के नए मानक स्थापित किए जाएँ। यह बदलाव केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि भाजपा की राजनीतिक शक्ति को मजबूत करने वाला कदम है।सम्राट चौधरी के लिए यह चुनौती है कि वे नीतीश के मॉडल को अपनाते हुए अपनी नेतृत्व छवि बनाएँ। जनता, मीडिया और राजनीतिक दल उनके हर कदम को मापेंगे। उनकी सफलता केवल गृह मंत्रालय तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे बिहार में सुशासन, सामाजिक संतुलन और भाजपा की राजनीतिक साख में परिलक्षित होगी। बिहार की राजनीति अब नए सिरे से परिभाषित हो रही है। गृह मंत्रालय भाजपा के नियंत्रण में आने से स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि राज्य में अपराध नियंत्रण, जातीय-सामाजिक संतुलन और राजनीतिक शक्ति का नया समीकरण बन गया है। आने वाले समय में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में प्रशासन और सियासत दोनों में नए मानक स्थापित होंगे। यदि वे इस चुनौती में सफल रहते हैं, तो बिहार में उनका प्रभाव नीतीश कुमार की छाया से आगे बढ़कर नए राजनीतिक समीकरण बनाएगा। उनकी भूमिका केवल गृह मंत्री की नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति में स्थायी और निर्णायक शक्ति केंद्र के रूप में होगी। जनता की निगाहें अब उनके हर कदम पर हैं और उनके फैसले तय करेंगे कि बिहार का 'सुशासन मॉडल' कितना स्थायी और प्रभावशाली रहेगा।

एक नजर



सरेंडर करने वालों में 3 स्टेट कमेटी सदस्य

**जगदलपुर,23 नवंबर।** आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 3 स्टेट कमेटी सदस्य, 3 डिवीजनल कमेटी सदस्य, 9 एरिया कमेटी मेंबर और 22 पार्टी कमेटी सदस्य शामिल हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों ने अपने साथ एक एके-47, दो एसएलआर, चार 303 रायफल सहित अन्य हथियार लेकर पहुंचे हैं। आत्मसमर्पित नक्सली आजाद ने खुलकर कहा कि वे लंबे समय से मुख्यधारा में लौटना चाहते थे, और संगठन को इसकी संपूर्ण जानकारी देकर ही आए हैं।

### 24 नवंबर को लाइवलीहुड कॉलेज में होगा स्टार्टअप हंट-2025 का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 23 नवंबर ।** जिले में युवाओं की प्रतिभा और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ÷दंतेवाड़ा स्टार्टअप हंट 2025 का आयोजन 24 नवंबर को लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम ''स्किल इज स्टार्टअप'' तक युवाओं को नवाचार की दिशा में अग्रसर करने और स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से ऐसे युवाओं और नवप्रवर्तकों की पहचान की जाएगी, जिनके पास व्यवसाय या नवाचार आधारित आइडिया हैं और जो उन्हें स्टार्टअप के रूप में विकसित करना चाहते हैं। कार्यक्रम में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा तथा उन्हें तकनीकी सहायता, ''मेंटरशिप'', ''बिजनेस'' ''मॉडल डेवलपमेंट'', वित्तीय परामर्श, ''मार्केट लिंकज'' एवं संभावित ''इनक्यूबेशन'' के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे।

### कलेक्टर ने दूरस्थ ग्रामों का दौरा कर एसआईआर गणना कार्य में तेजी के निर्देश दिए

**दंतेवाड़ा, 23 नवंबर ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने जिले के ग्राम मेटनार, पोन्दुम, मेटापाल और दूरस्थ ग्राम तुमकपाल का दौरा कर वहां चल रहे एसआईआर (सामाजिक, आर्थिक एवं बुनियादी ढांचा रजिस्ट्री) गणना कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने गणना पत्रक वितरण, संधारण और सर्वेक्षण प्रक्रिया का विस्तार से अवलोकन करते हुए बीएलओ और सुपरवाइजरों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि एसआईआर गणना जिले के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि हमारा जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है। अतः गणना पत्रक भरने के कार्य में दूरस्थ ग्रामों में इस संबंध में कुछ दिक्कतें आ सकती है। परन्तु निराकरण भी करना भी हमारा प्रमुख दायित्व है। ग्रामीणजनों को स्पष्ट रूप से समझाए कि गहन पुनरीक्षण कार्य उनके भावी पीढ़ी की सुविधाजनक जीवन के लिए अनिवार्य है। यहां अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि गणनाकर्मियों को समय पर पत्रक उपलब्ध कराए जाएँ, जिससे सर्वेक्षण कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण हो सके। कलेक्टर ने फील्ड सत्यापन को अनिवार्य बताते हुए कहा कि प्राप्त आंकड़ों की शुद्धता ही भविष्य की योजनाओं की मजबूती का आधार होगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामवार स्थिति की जानकारी ली। इस संबंध में बीएलओ द्वारा जानकारी दी गई कि मटेनार में 1048 में से सभी पत्रक वितरित कर दिए गए हैं ।

और भरे हुए 150 पत्रक जमा हो चुके हैं। इस क्रम में ग्राम पोन्दुम में 662 पत्रकों में से 600, मेटापाल में 903 में से 150 पत्रक, जबकि तुमकपाल में 1077 पत्रक वितरित हुए जिनमें से 411 जमा हो चुके हैं।कलेक्टर श्री दुदावत ने ग्रामीणों से भी संवाद कर उन्हें गणना पत्रक को ध्यानपूर्वक भरने, पावती लेने और सही जानकारी प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से जिले की सामाजिक, आर्थिक और आधारभूत संरचना का वास्तविक डेटा संकलित किया जाएगा, जो विकास योजनाओं के निर्माण में दिशा देने का कार्य करेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि विषेष गहन पुनरीक्षण के तहत मेटापाल मतदान केन्द्र 162 और 164 में विशेष शिविर का 23 नवंबर को आयोजित होगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मूलचंद चोपड़ा, तहसीलदार श्री परमानंद बंजारे, तहसीलदार आशा मौर्य सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

युवाओं के साथ चौपाल लगाकर उनसे बात की

# सुकमा पुनर्वास केंद्र पहुंचे उपमुख्यमंत्री, नक्सलियों का अंतिम कमांडर देवा का हो सकता है, आत्मसमर्पण



**जगदलपुर, 23 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा शनिवार देर शाम को अचानक सुकमा में बनाये गए पुनर्वास केन्द्र पंहुचकर उन्होंने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटे युवाओं के साथ चौपाल लगाकर उनसे बात की। इस दौरान पुनर्वासित युवाओं ने अपनी बातों को उपमुख्यमंत्री के सामने रखा। जहां उपमुख्यमंत्री स्वयं भी युवाओं के साथ जमीन पर बैठे और उनसे आत्मीय चर्चा की। सभी ने अपने मन की बातें बिना संकोच के उनके समक्ष रखी।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री शर्मा ने युवाओं से संवाद करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने पुनर्वास केंद्र में आधारभूत व्यवस्थाओं के संबंध में युवाओं से सीधे जानकारी भी ली और अधिकारियों को उनके खाने और अन्य आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सुकमा में ही रात्रि विश्राम भी किया। उप मुख्यमंत्री के अचानक सुकमा पहुंचाने एवं सुकमा में रात्रि विश्राम को लेकर कयास लगाए जा रहे। सूत्रों मिली जानकारी के अनुसार रविवार को उपमुख्यमंत्री के समक्ष हिडमा के सबसे भरोसेमंद साथी रहे बस्तर में नक्सलियों के अंतिम कमांडर बारसे देवा के साथ बड़ी संख्या में नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने की जानकारी मिल रही है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने युवाओं से शिक्षा और खेती एवं उनके परिवार सदस्यों से मुलाकात के संबंध में भी जानकारी ली। जहां पर उन्होंने अधिकारियों और पुनर्वासित युवाओं से कहा कि आपके परिजन यदि पुनर्वास केन्द्र में आकर मुलाकात करना चाहते हैं और यदि बाजार वाले दिन आकर जब भी मिलना चाहें तो उनसे मुलाकात कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी पुनर्वासित युवा के परिवार जेल में निरूद्ध हैं और युवा उनसे मिलना चाहें तो उसकी भी व्यवस्था की जाएगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि युवाओं में से यदि कोई विवाह की इच्छा भी रखते हैं तो उनके लिए भी सामूहिक विवाह की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुनर्वासित युवाओं ने अपने मूलभूत दस्तावेज पूर्ण ना होने की जानकारी दी। जिस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तुरंत जिला प्रशासन के अधिकारियों को दस्तावेज निर्माण करवाने के निर्देश दिए। जिसमें उन्होंने स्वयं अधिकारियों के साथ बैठकर दस्तावेज निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण किया और जहां भी दिक्कतें आईं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर उनका निराकरण भी किया। जहां आधार कार्ड,आयुष्मान कार्ड,राशन कार्ड आदि बनवाने के लिए आवेदन कराए गए। उन्होंने युवाओं को विधानसभा सत्र के दौरान रायपुर भ्रमण कराकर उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जानकारी देने और उन्हें कार्यप्रणाली से अवगत कराने एवं इनके लिए पुनर्वास केंद्र में ही विशेष स्वास्थ्य शिविर लगवाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि सुकमा के पुनर्वास केंद्र में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में पुनर्वासित युवाओं को राज मिस्त्री,कृषि उद्यमी, सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही पुनर्वास नीति के अनुसार उन्हें दीर्घकालिक रोजगार दिलाने हेतु सहायता भी दी जा रही है। इस अवसर पर एडीजी विवेकानंद सिन्हा, पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण चव्हाण, अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुछ स्वार्थी तत्वों का भ्रामक प्रचार मुठभेड़ के वास्तविक तथ्य को नहीं छिपा सकते : सुंदरराज

**जगदलपुर, 23 नवंबर ।** छत्तीसगढ़ के पूर्वती का कुख्यात नक्सली मांड़वी हिड़मा के मारे जाने के बाद सुरक्षाबलों की सराहन एवं उनके शौर्य की चर्चा की जगह तरह-तरह की भ्रामक बाते कही जा रही है, जिसमें कांग्रेस के बड़े नेता से लेकर पूर्व विधयक मनीष कुंजाम एवं हिडमा के परिजन एक स्वर में नक्सलियों द्वारा जारी पर्चे का पक्ष लेकर भ्रम फलाने में लगे हुए हैं। जिसे लेकर बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने कहा कि आंध्रप्रदेश के सीमावर्ती अल्लूरी सीताराम राजू जिले में कुख्यात नक्सली मांड़वी हिड़मा को ढेर करते हुए पुलिस और सुरक्षाबलों द्वारा हाल ही में की गई कार्रवाई ने नक्सली नेटवर्क पर एक बड़ी चोट पहुंचाई है। उन्होने कहा कि नक्सलियों की गतिविधियां लंबे समय से छत्तीसगढ़ प्रदेश की सीमाओं से परे फैली हुई थीं। सबसे हिंसक और कुख्यात नक्सली कैडरों के न्यूट्रॉलाइजेशन ने इस प्रतिबंधित और अवैध नक्सली संगठन की



संचालन क्षमता को काफी कमजोर कर दिया है। यह वामपंथी उग्रवाद के विरुद्ध लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। इससे पूरे बस्तर में सुरक्षा तथा जनविश्वास को और मजबूती मिली है। उन्होने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा फैलाया जा रहा भ्रामक प्रचार मुठभेड़ के वास्तविक तथ्य को नही छिपा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि नक्सलियों द्वारा जारी पर्चा में दावा किया गया है कि केंद्रीय कमेटी सदस्य हिड़मा इलाज के लिए विजयवाड़ा गया था। इसी दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने उसे पकड़कर समर्पण कराने का प्रयास किया। आत्मसमर्पण कराने में नाकाम होने पर हिड़मा सहित 6 नक्सलियों को मार दिया गया। पर्चे मे केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता अभय ने बताया कि 15 नवम्बर को विजयवाड़ा शहर से हिड़मा समेत अन्य को निहत्थे पकड़ा गया। मारेडुमिल्ली जंगल में मुठभेड़ में मार गिराने व हथियार मिलने की कहानी बनाई गई। वहीं माड़वी हिड्?मा की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने कहा कि आंध्रप्रदेश में फर्जी मुठभेड़ में हिड़मा को मारा गया है। नक्सली लीडर देवजी ने ही उसे मरवाया है। उसने बाकी 50 लोगों को गिरफ्तार करवा दिया है, स्वयं बचकर निकल गया है। अब वह आंध्रप्रदेश सरकार का मेहमान बनकर रह रहा है। इसी तरह हिड़मा की मौत पर सबसे चौंकाने वाला आरोप हिड़मा के साले ललित ने लगाया है। अंतिम संस्कार के दौरान मीडिया से बात करते हुए ललित ने दावा किया है, कि हिड़मा आत्मसमर्पण करने वाला था, और वह आंध्रप्रदेश की पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने जा रहा था। उसे धोखे से मारा गया है। ललित ने यह भी आरोप लगाया कि इस दौरान आंध्रप्रदेश के कई शीर्ष नक्सली नेता भी उसी इलाके में मौजूद थे, जिन्हें आंध्रप्रदेश की सरकार और पुलिस ने बचा लिया, जबकि बस्तर के नक्सलियों का फर्जी मुठभेड़ कर दिया।

## हिड़मा की मौत के बाद दहशत में नक्सली, तेलंगाना में आजाद, एर्रा सहित 37 शीर्ष नक्सलियों ने किया समर्पण

**जगदलपुर, 22 नवंबर।** कुख्यात नक्सली कमांडर हिड़मा के मारे जाने के बाद नक्सली संगठन के भीतर अब मारे जाने का दहशत देखा जा रहा है, इससे नक्सली संगठन में भगदड़ की स्थिति निर्मित होने लगी है। विश्वस्त सूत्रों से यह जानकारी आ रही है कि शीर्ष नक्सली कैडर के आजाद, एर्रा सहित नक्सली संगठन के कुल 37 सदस्य शनिवार को तेलंगाना डीजीपी शिवधर रेड्डी के सामने आत्मसमर्पण



कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पण करने वालों में केंद्र और राज्य समिति स्तर के कई बड़े और प्रभावशाली कैडर शामिल हैं। ये सभी बस्तर संभााग के नक्सल प्रभावित इलाके में सक्रिय रहे हैं, और यहां सुरक्षाबलों का दबाव बढ़ने के बाद तेलंगाना भाग गए थे। सरकार और सुरक्षाबलों के लगातार प्रयासों और सार्थक कदमों से देश में नक्सलवाद अब अपने अंतिम सांसे गिन रहा है। पिछले कुछ समय में बसव राजू, हिड़मा जैसे शीर्ष नक्सली कैडरों की मौत और 1600 से अधिक छोटे-बड़े नक्सली कैडरों के आत्मसमर्पण करने के बाद नक्सलवादियों के विचारधारा सिमटती जा रही है। केंद्र सरकार की ओर से मार्च 2026 तक देश के नक्सलवाद को पूरी तरह जड़ से समाप्त कर देने की घोषणा की गई है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो एमबीबीएस विद्यार्थियों की हुई मौत

**जगदलपुर, 23 नवंबर।** मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में पढ़ने वाले दो एमबीबीएस विद्यार्थियों को तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दी। इस हादसे में बाईक सवार छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं छात्रा ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार एमबीबीएस वर्ष 2021 के छात्र अंकित दानी सेक्टर 7 भिलाई नगर जिला दुर्ग एवं आली श्रीवास्तव रायपुर दोनो एक बाईक में सवार होकर आज शनिवार की दोपहर को जगदलपुर से डिमरापाल की ओर आ रहे थे, इसी दौरान हाइवे इन ढाबा के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में छात्र अंकित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आली दूर जा गिरी, वहीं ट्रक चालक ने बाइक को अपने साथ घसीटते हुए 100 मीटर आगे ले जाकर रोक दिया। आस-पास के लोगों ने दोनों को मेकॉज पहुंचाया। वहीं घटना की जानकारी लगते ही मेकॉज अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू भी मौके पर पहुंचे, यहां काफी देर तक चले उपचार के बाद छात्रा ने भी दम तोड़ दिया।

## तुमकपाल जर्जर स्कूल बनेगा स्मार्ट स्कूल, ग्रामीणों की समस्याएं होंगी जल्द हल : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा, 23 नवंबर ।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को विकासखंड कटेकल्याण के ग्राम पंचायत तुमकपाल पहुंचकर ग्राम वासियों से सीधे संवाद किया और गांव में उपलब्ध सुविधाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, राशन वितरण व्यवस्था, प्राथमिक स्कूलों की हालत, पेयजल उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाएं और ग्रामीणों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं का उन्होंने विस्तार से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत शासकीय प्राथमिक स्कूल की जर्जर स्थिति देखकर गंभीर हुए और तत्काल इसके उन्नयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह स्कूल जल्द ही स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किया



जाएगा, ताकि बच्चों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक शिक्षा का वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने संबंधित विभाग को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर तुरंत काम शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों के साथ चर्चा करते हुए उन्हें उन्नत खेती, मिश्रित फसल प्रणाली और जैविक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि कुलथी, रागी जैसी फसलों के गुणवत्तापूर्ण बीज कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि उत्पादन क्षमता बढ़े और किसानों की आमदनी में सुधार हो। ग्रामवासियों ने पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली, सड़क मरम्मत और वनाधिकार पट्टों से जुड़े मुद्दे भी कलेक्टर के सामने रखे, जिन पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि गांव की बुनियादी आवश्यकताओं को प्राथमिकता पर रखा जाएगा और प्रत्येक समस्या का समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर श्री दुदावत ने आंगनवाड़ी में गुणवत्तापूर्ण पोषण की व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए नियमित जांच और बच्चों के स्वास्थ्य मूल्यांकन को अनिवार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गांव में स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से लगाए जाएंगे, युवाओं के लिए कौशल विकास गतिविधियां शुरू की जाएंगी और जिन ग्रामीणों को वनाधिकार का लाभ मिलना है, उनके प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। तुमकपाल के इस निरीक्षण दौरे में जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय कर्मचारी मौजूद रहे।

समाचार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में डीएमएफ मद से सप्लाई से जुड़े मामले में एसीबी-ईओडब्लयू की छापेमारी



**कोंडागांव, 23 नवंबर ।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में 23 नवंबर की सुबह एसीबी-ईओडब्लयू की टीम ने छापेमारी की है। कोंडागांव में टीम ने सरगीपाल रोड स्थित कोणार्क जैन के आवास एवं एक दुकान में छापा मारा है। बताया जा रहा है यहां एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम सप्लायर कोणार्क जैन के यहां दो घंटे से दस्तावेजों और लेन-देन से जुड़े कागजात की बारीकी से जांच कर रही है। ये जांच वर्ष 2019-20 के दौरान डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन (डीएमएफ) मद से होने वाली सप्लाई से जुड़ी कथित अनियमितताओं से जुड़ा है । हालांकि, एसीबी की ओर से अभी तक इस संबंध में किसी भी स्तर पर आधिकारिक पुष्टि या बयान जारी नहीं किया गया है। मौके पर मौजूद एसीबी टीम घर के अंदर जांच के बाद व्यस्त है और किसी भी अधिकारी ने मीडिया से बातचीत नहीं की है। इस रेड की खबर फैलते ही स्थानीय क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं। फिलहाल कार्रवाई जारी है और आधिकारिक जानकारी मिलने का इंतजार है। इसके साथ ही राजधानी रायपुर में पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास और सप्लायर हरपाल अरोरा के ठिकानों पर छापेमारी की गई, जहां अधिकारी आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल में जुटे हुए हैं। सरगुजा में एसीबी-ईओडब्लयू की टीम ने पशु चिकित्सक डॉ. तनवीर अहमद और सत्तीपारा निवासी सप्लायर अमित अग्रवाल के ठिकानों पर छापेमारी की। टीम वित्तीय लेनदेन और विभागीय रिकॉर्ड से जुड़े कागजात की जांच कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड से अलग-अलग टेंडर आवंटन में आर्थिक अनियमितता हुई है, जिसमें टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाया गया है। टेंडर की राशि का 40 प्रतिशत सरकारी अधिकारियों को कमीशन के रूप में दिया गया है। इसी मामले पर प्रवर्तन निदेशालय की रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्लयू ने धारा 120 बी 420 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में 2021-22 और 2022-23 में कारोबारी मनोज कुमार द्विवेदी ने निलंबित आईएएस रानू साहू और अन्य अधिकारियों से मिली भगत की।

### कलेक्टर ने बीसी सखी तथा जैविक कार्यकर्ताओं की ली बैठक

**दंतेवाड़ा, 23 नवंबर ।** जिला पंचायत के सभागार में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा किसान सम्मान निधि पंजीयन शिविर के संबंध में आवश्यक बैठक ली गई। ज्ञातव्य है कि आगामी 1 दिसंबर से किसान सम्मान निधि पंजीयन शिविर की शुरूआत जिला स्तर पर की जायेगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना शासन की किसानों के संदर्भ में एक महत्वाकांक्षी और प्राथमिकता वाली योजना है, और जिले के किसानों को इसका अधिकतम लाभ देने के लिए बीसी सखी एवं जैविक कार्यकर्ता की अहम भूमिका रहेगी। इसके तहत किसानों को इस योजना से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी, पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज, शिविर में लाने के लिए सभी बीसी सखी और जैविक कार्यकर्ता शिविर दिवस से पूर्व से ही तैयारी कर लेवे। वर्तमान में जिले में किसान सम्मान निधि के तहत पंजीयन में अपेक्षित प्रगति नहीं है। अतः लक्ष्य अनुरूप अधिक से अधिक से किसानों को इस योजना से जोड़ने का प्रयास करें। बैठक में कलेक्टर ने यह भी कहा कि पंचायतों में अटल सुविधा केन्द्र के माध्यम से ग्रामीणों को पेंशन प्रदाय, महतारी वंदन के लाभ तथा कृषक पंजीयन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि उन्हें गावं के समीप ही सभी सुविधा उपलब्ध हो सकें।उल्लेखनीय है कि किसान सम्मान निधि पंजीयन के तहत शिविर आयोजन से 3 दिवस पूर्व सम्बंधित ग्राम के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा चयनित कृषकों की सूची कोटवार को उपलब्ध कराते हुए शिविर आयोजन की तिथि के बारे में मुनादी कराया जायेगा।

### दंतेवाड़ा की जैविक खेती को मिली राष्ट्रीय पहचान

**दंतेवाड़ा, 23 नवंबर ।** दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले की जैविक खेती को आज राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। देश के केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जिले के शंखनी, डंखनी फॉर्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन से जैविक सुगंधित 'जवा फूल चावल' का ऑनलाइन ऑर्डर किया है। इस पहल ने दंतेवाड़ा जिले को राष्ट्रीय बाजार में एक मजबूत जैविक ब्रांड के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।ज्ञातव्य है कि दंतेवाड़ा जिला जैविक खेती के क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से देश में प्रथम स्थान पर है। भारत सरकार की लार्ज एरिया सर्टिफिकेशन योजना के अंतर्गत जिले के 65 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में जैविक खेती प्रमाणित है। इस तरह जिले के 10 हजार से अधिक किसान धान, लघु अनाज, हल्दी, तिल, कोदो, कुटकी और अन्य फसलों का जैविक उत्पादन कर रहे हैं।शंखनी, डंखनी एफपीओ से जुड़े लगभग 400 किसान कई वर्षों से रसायन मुक्त और पारंपरिक पद्धति से खेती कर रहे हैं। एफपीओ द्वारा उत्पादित ''जवा फूल चावल'' अपनी प्राकृतिक सुगंध, रंग, स्वाद और उच्च गुणवत्ता के कारण प्रदेश और देश में विशेष पहचान रखता है। मालूम हो कि दंतेवाड़ा के आदिवासी किसान प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पारंपरिक कृषि ज्ञान को आधुनिक जैविक तकनीकों के साथ जोड़कर उच्च गुणवत्ता के उत्पाद तैयार कर रहे हैं। इस प्रकार केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा ''जवा फूल चावल'' का चयन और ऑर्डर किया जाना इन किसानों की मेहनत और जिले की जैविक पहचान के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर जताया गया भरोसा माना जा सकता है।

## नवाचार की नई मिसाल है हरसिंह ओयामी का एकीकृत खेती का मॉडल

**दंतेवाड़ा, 23 नवंबर । ग्राम** बिंजाम, विकासखंड गीदम के 57 वर्षीय प्रगतिशील किसान श्री हरसिंह ओयामी आज जिले में जैविक खेती के प्रेरणास्त्रोत के रूप में उभरकर सामने आए हैं। परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए उन्होंने अपनी पूरी कृषि प्रणाली को जैविक, टिकाऊ और लाभदायक मॉडल में परिवर्तित किया है। परिवार के सहयोग, सतत प्रयास और वैज्ञानिक सोच ने उन्हें जिले के अग्रणी जैविक किसानों में शामिल कर दिया है।उल्लेखनीय है कि हरसिंग ओयामी को कृषि विभाग के मार्गदर्शन में पक्का पशु शेड, नाडेप टांका, वर्मी टांका और अन्य जैविक संरचनाओं का लाभ मिला। इसके अलावा देशी गायों के सुव्यवस्थित पशुपालन ने उनकी जैविक खेती को मजबूत आधार प्रदान किया। हरसिंग ओयामी जैविक कृषि में इतने प्रवीण हो गए है कि अपने खेत में वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र जैसे देशी जैविक कीटनाशक व उर्वरक स्वयं तैयार करते हैं। इससे न केवल कृषि लागत में कमी आई,बल्कि मिट्टी की उर्वरता बढ़ने के साथ-साथ फसलें अधिक गुणवत्तापूर्ण बनीं।उनके कृषि क्षेत्र एवं कृषि पैदावार को को देखना एक सुखद अनुभव देता है। उनकी खेती की सबसे बड़ी विषेषता फसल



विविधता है। वे श्री विधि, लाइन विधि और पारंपरिक विधि से देशी धान का उत्पादन करते हैं। साथ ही बैंगन, टमाटर, गोभी, मटर, मूली, गाजर, लाल भाजी, मेथी, दलहन, तिलहन सहित अनेक सब्जियों एवं फसलों की वर्षभर खेती करते हैं। इसके अलावा मिलेटस के तहत रागी, कोदो-कुटकी, का उत्पादन, बागवानी के तहत आम, अमरूद और वाटर एप्पल जैसे फलों की खेती ने उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इस तरह उनके जैविक उत्पादों की बढ़ती बाजार मांग ने उन्हें अलग पहचान दिलाने में अहम भूमिका अदा किया है।हरसिंह ओयामी ने न केवल कृषि बल्कि मत्स्य उत्पादन में भी बढ़त हासिल कर चुके है। एग्री-फिशरी मॉडल अपनाकर उन्होंने आय के नए स्त्रोत बनाए। उन्हें डबरी एवं ओरनामेंटल फिश पद्धति से मत्स्य उत्पादन कर लगभग 1,00,000 रूपये वार्षिक शुद्ध आय अर्जित किया है। जहां डबरी का पोषक जल उनकी जैविक खेती में अमृत समान सिद्ध हुआ। वहीं उनका फसल उत्पादन बढ़ा, कीटनाशक की आवश्यकता घटी और मिट्टी का स्वास्थ्य लगातार बेहतर हुआ।

उनकी जैविक खेती, फसल विविधता, पशुपालन और मछली पालन का एकीकृत मॉडल उन्हें लगभग 7,00,000 रूपये की वार्षिक आय प्रदान कर रहा है। उनका खेत अब केवल उत्पादन का केंद्र नहीं, बल्कि सीखने और प्रेरणा का मॉडल फार्म बन चुका है, जहाँ अन्य किसान जैविक कृषि और मत्स्य पालन की नई तकनीकें सीखने आते हैं। श्री हरसिंह ओयामी ने सिद्ध कर दिया है कि जैविक खेती न केवल परंपरा, बल्कि भविष्य की सतत व समृद्ध कृषि का मजबूत स्तंभ है। स्थानीय संसाधनों का बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग, मेहनत और नवाचार उन्हें दंतेवाड़ा के किसानों के लिए प्रेरणा का पथप्रदर्शक बनाते हैं।

### मत्स्य पालन के साथ झींगा उत्पादन भी, कृषकों को होगा दोहरा लाभ

**दंतेवाड़ा, 23 नवंबर ।** मत्स्य पालन कृषकों के लिए सदैव अतिरिक्त आर्थिक लाभ की दृष्टि से लोकप्रिय कार्यक्षेत्र रहा है। चाहे समूह में अथवा व्यक्तिगत हो, अगर मत्स्य पालन को वैज्ञानिक एवं व्यवसायिक दृष्टिकोण एवं विभागीय मार्गदर्शन से अपनाया जाए तो यह कृषकों के लिए फायदे का सौदा साबित होता है। इस तारतम्य में अब मत्स्य विभाग कृषकों को मत्स्य पालन के साथ-साथ झींगा उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। ज्ञातव्य है कि मत्स्य से जुड़े पोखरों, स्वनिर्मित तालाबों में झींगा पालन आसानी से किया जा सकता है। इसके पालन उत्पादन एवं मार्केटिंग के लिए विभागीय कार्ययोजना भी बनाई गई है।

### रायगढ़ जिले में अब तक 30 प्रकरणों में एक करोड़ रुपए से अधिक मूल्य का 3,266 क्विंटल अवैध धान जब्त

# अवैध धान परिवहन व भंडारण पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई



**रायगढ़, 23 नवम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही इस कार्य में संलिप्त पाए जाने वालों पर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में समर्थन मूल्य पर पारदर्शी एवं निष्पक्ष धान खरीदी नीति के तहत प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान में 15 दिनों के भीतर 30 प्रकरणों में कुल 3,266 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है, जिसकी कीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 1 करोड़ रुपए से अधिक है।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले की सीमाओं पर स्थित सभी अंतर्राज्यीय एवं आंतरिक चेक पोस्टों पर 24म7 कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पालीवार ड्यूटी लगाई गई है, वहीं अनुविभागीय स्तर पर विशेष निगरानी दल सक्रिय हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अवैध धान भंडारण एवं परिवहन में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने आम नागरिकों एवं किसानों से अपील की है कि अवैध धान परिवहन या भंडारण की कोई भी जानकारी तुरंत निकटतम पुलिस थाना, तहसील कार्यालय या चेक पोस्ट पर दें। कार्रवाई में सहयोग करना खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता को मजबूत करेगा।

#### अब तक हुई कार्रवाई का संक्षिप्त विवरण

विकासखण्ड रायगढ़ के अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट रेंगालपाली में प्रताप साहू ग्राम-भठली चौक तुलसीनगर बरगढ़ उड़ीसा के द्वारा ट्रक क्रमांक ओडी-17 बी 1118 में 180 क्विंटल धान परिवहन करते जब्त किया गया। इसी तरह विकासखण्ड लैलूंगा के अंतर्राज्यीय जमुना चेकपोस्ट में पिकअप वाहन ओडी-16 एलडी 0300 में 60 बोरी धान उड़ीसा बेहरामाल के हरिकृष्ण के परिवहन करते पाए जाने पर जब्ती किया गया। विकासखंड तमनार-बासनपाली वाहन क्रमांक-सीजी 13 एएफ-9053 (माजदा) में 100 बोरी धान मुकेश अग्रवाल, धौराभांठा से जब्त किया गया। विकासखंड खरसिया-डोमनारा में भभीक्षण साव के प्रतिष्ठान से 50 कट्टी अवैध धान जब्त, विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम-उदउदा में कपील यादव से 1200 बोरी धान जब्त, धरमजयगढ़ के ग्राम-हाटी में प्रहलाद अग्रवाल के पास से 900 बोरी धान, विकासखण्ड लैलूंगा के ग्राम-बैसकीमुड़ा में श्री रमेश बेहरा के पास से 150 बोरी धान, विकासखण्ड लैलूंगा के ग्राम-कमरगा में बिहारी लाल गुप्ता के पास 70 बोरी धान भण्डारित पाया गया। इसी तरह विकासखण्ड खरसिया के ग्राम-जोबी में जितेन्द्र यादव के पास से 40 बोरी, तमनार के ग्राम-बिजना में माखन गुप्ता से 951 बोरी, तमनार के ग्राम-बिजना में ओमप्रकाश गुप्ता के निवास में अवैध रूप से रखे 70 बोरी धान, खरसिया के काफरमार में वरूण तिवारी के पास 58 बोरी धान, खरसिया के ग्राम-केवाली में गुहादास महंत के पास से 70 बोरी, रायगढ़ के ग्राम साल्हेओना में शिवप्रसाद दीवान के पास से 50 बोरी, पुसौर के अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट में परसु साहू के द्वारा 60 बोरी परिवहन करते पाया गया। विकासखण्ड घरघोड़ा के ग्राम-घरघोड़ी में गजेन्द्र यादव के पास 65 बोरी अवैध रूप से रखे भंडारित पाया गया। पुसौर के ग्राम-छिछोरउमरिया में जन्मेजय गुप्ता के 50 बोरी, धरमजयगढ़ के ग्राम-कुड़ेकेला में ऋषि अग्रवाल के पास 55 बोरी, पुसौर के ग्राम-ओड़ेकेरा में परमानंद साहू के पास से 20 बोरी धान भंडारित पाया गया। धरमजयगढ़ के बेहरामार में विनोद कुमार बेहरा के पास से 60 बोरी, लैलूंगा के ग्राम-कुंजारा में अमन अग्रवाल के पास से 55 बोरी, धरमजयगढ़ के ग्राम-कटाईपाली सी में मोन्टी अग्रवाल के पास 450 बोरी एवं राजेन्द्र कुमार के जनरल स्टोर में अवैध रूप से रखे 500 बोरी धान जब्त किया गया। धरमजयगढ़ के ग्राम-बाकारुमा में राहू राठिया के पास 60 बोरी धान, लैलूंगा के ग्राम-तोलगे में लक्ष्मण पटेल के पास 739 बोरी, तमनार के ग्राम-भगोरा में उलसन बड़ा के पास के पास से 270 बोरी, तमनार के ग्राम-कुसमेल में मोहितराम के पास 193 बोरी, धरमजयगढ़ में मुकेश अग्रवाल के पास से 250 बोरी धान, धरमजयगढ़ के ग्राम-बोरो में सुशील ढाली के पास अवैध रूप से रखे 120 बोरी धान तथा विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम-पिपराही गोदाम में मुकेश अग्रवाल अधिसूचित कृषि उपज के स्वामी जितेन्द्र अग्रवाल के पास 400 क्विंटल धान जब्त किया गया है।

उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से सुचारु रुप से संचालित हो रहा धान खरीदी कार्य जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 105 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है।

## खसरा, बी-1 एवं जमाबंदी अभिलेखों का किया जा रहा है डिजिटलीकरण



**रायगढ़, 23 नवम्बर।** जिले में राजस्व अभिलेखों के सुरक्षित संवर्धन तथा जनता को समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में खसरा, बी-1 तथा जमाबंदी जैसे महत्वपूर्ण भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसी क्रम में जिले के प्रभारी सचिव एवं वाणिज्य, उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग, रेल परियोजनाएं एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव श्री रजत कुमार ने शुक्रवार को जिला कलेक्टोरेट स्थित सर्वर रूम तथा स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन शाखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिजिटलीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की तथा इसे राजस्व सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण एवं अभिनव पहल बताया। उन्होंने कार्य में और अधिक गति लाने तथा डेटा सुरक्षा व रिकॉर्ड की सटीकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने शाखा में संचालित डिजिटलीकरण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि तकनीक आधारित राजस्व सेवा व्यवस्थाओं को अधिक कुशल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सतत सुधार किए जा रहे हैं।

## एक नजर



#### प्रशिक्षक ने सुदर्शन क्रिया सिखाई

**खरसिया,23 नवंबर।** श्री श्री रवि शंकर जी द्वारा निर्देशित हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन 19 से 22 नवंबर तक स्थानीय भगत कॉम्प्लेक्स खरसिया में आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षक विभा अग्रवाल द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सुदर्शन क्रिया सिखाई गई जो कि सांसों पर आधारित पावर फूल ब्रीदिंग टेक्नीक है। इसमें प्रतिभागियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में, मेडिटेशन, जीवन जीने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण, जीवन जीने की कला सीखने और आत्म विकास के अवसर, प्राणायाम और योग के माध्यम से तनाव से मुक्ति की जानकारी प्रदान की गई। सभी प्रतिभागियों का अनुभव बहुत ही शानदार रहा ।

#### धान बेचने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आई:सेत राम

**जशपुरनगर 23 नवम्बर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जशपुर जिले के सभी 46 धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी कार्य सुचारू और व्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है।उन्होंने सभी पंजीकृत किसानों का धान प्राथमिकता से खरीदने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में किसान सेतराम आज कुनकुरी विकासखंड के ग्राम नारायणपुर धान खरीदी केंद्र पहुँचे और अपना टोकन कटा कर 42 क्विंटल धान बेचा उन्होंने खरीदी केंद्र की सुविधा को देखकर संतुष्टि जाहिर की । उन्होंने बताया कि वे प्रति वर्ष इसी केंद्र में धान बेचते हैं और इस वर्ष भी सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित हैं।किसानों की सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। किसानों को टोकन जारी करने की ऑनलाइन व्यवस्था, माइक्रो एटीएम सुविधा, बारदाना उपलब्धता, पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं किसानों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं।

#### कलेक्टर ने जांजगीर एवं पेण्ड्री में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा, 22 नवम्बर ।** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने विधानसभा जांजगीर-चांपा अंतर्गत जांजगीर एवं पेण्ड्री में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से घर-घर जाकर किए जा रहे सत्यापन, प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन और फॉर्म प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बीएलओ अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने कहा कि घर-घर सर्वे के दौरान प्राप्त फॉर्म-6 (नाम जोड़ने), फॉर्म-8 (संशोधन) आदि सभी आवेदन को व्यवस्थित रूप से संकलित कर समय पर जमा किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रगति कम वाले क्षेत्रों की पहचान कर संबंधित अधिकारियों को अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण और पुनरीक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### ऑगनबाड़ी सहायिका के पद पर भर्ती के लिए दावा - आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा,23 नवम्बर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ जिला जॉजगीर-चाम्पा (छ0ग0) अंतर्गत ग्राम पंचायत खिसोरा एवं देवरी में ऑगनबाड़ी सहायिका 01-01 पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसकी प्राविधिक मूल्यांकन सूची का जारी कर दिया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ ने बताया कि जिस किसी अभ्यार्थियों को प्राविधिक सूची में आपत्ति हो तो वे 03 दिसम्बर 2025 तक कार्यालयीन समय पर दावा-आपत्ति कर सकते है। अंतिम तिथि के बाद कोई भी दावा - आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेगे, न हीं दावा - आपत्ति में नये दस्तावेज स्वीकार किये जायेगे। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ सपर्क किया जा सकता है।

## धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई जारी



**महासमुंद 23 नवम्बर ।** जिला महासमुंद में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी है। कलेक्टर श्री विनय लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु संयुक्त टीम एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज पिथौरा तहसील में एसडीएम श्री बजरंग वर्मा के नेतृत्व में राजस्व एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई।

#### कार्रवाई के दौरान अरुण अग्रवाल पर कार्रवाई

धान 75 पैकेट, मात्रा लगभग 30 क्विंटल अवैध परिवहन करते पाया गया। इसी तरह भोजराम पटेल, निवासी मुढ़ीपार द्वारा धान 50 पैकेट, मात्रा लगभग 20 क्विंटल का अवैध भंडारण पाया गया। जिसे जप्त किया गया। इसके साथ ही वाहन मेटडोर को भी जप्त कर थाना पिथौरा में सुपुर्द किया गया है।

प्रशासन ने कहा है कि जिले में धान की अवैध खरीदी-बिक्री, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए आगे भी सघन कार्रवाई जारी रहेगी।

किसानों के हितों की रक्षा हेतु आवश्यक कदम निरंतर उठाए जा रहे हैं।

### धान खरीदी प्रभारियों की हड़ताल समाप्त, खरीदी जिले में सुचारू रूप से शुरू

**मोहला 23 नवंबर ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी कार्य शुरू करने से पहले धान खरीदी प्रभारियों द्वारा अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल की जा रही थी। धान खरीदी प्रभारियों ने आज कलेक्टोरेट कार्यलय में अपर कलेक्टर के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत कर हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। इससे जिले में धान खरीदी कार्य अब नियमित और सुचारू रूप से चल सकेगा। जिले में धान बेचने के लिए कुल 42,038 किसानों ने पंजीयन कराया है, जिसमें विकासखंड अंबागढ़ चौकी के 16,910 मोहला के 13,078 और मानपुर के 12,050 किसान शामिल हैं। जारी टोकन के अनुसार अब तक विकासखंड अंबागढ़ चौकी के 459 मोहला के 99 और मानपुर के 103 किसानों से कुल 661 किसानों का धान खरीदा जा चुका है। जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में सफाई, पानी, डरेनज और अन्य व्यवस्थाएं पूरी कर दी गई हैं, ताकि धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। धान खरीदी प्रभारियों की हड़ताल समाप्त होने के बाद यह कार्य और तेजी से आगे बढ़ेगा। इस वर्ष धान के जल्द उठाव के लिए जिला प्रशासन ने ग्राम तेलीटोला में विशेष संग्रहण केंद्र भी स्थापित किया है। इससे किसानों को धान बेचने में आसानी होगी और जिले का धान समय पर निराकरण हो सकेगा।

## कलेक्टर पहुंचे प्रगतिशील किसान छबी राम डडसेना के खेत में

**जांजगीर-चांपा, 23 नवम्बर।** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे किसानों को अधिक लाभदायक फसलों की ओर अग्रसर करने लगातार प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में आज कलेक्टर बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम करनौद के प्रगतिशील किसान श्री छबि राम डडसेना के फार्म पहुंचे, जो आम के साथ-साथ विभिन्न बागवानी फसलों की खेती कर 2-3 गुना अधिक आय अर्जित कर रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसान श्री छबि राम से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बागवानी फसलों से होने वाले लाभ, उत्पादन लागत, बाजार उपलब्धता और शासन की योजनाओं के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने किसान की मेहनत, नवाचार और खेती के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण की प्रशंसा की। किसान श्री छबि राम डडसेना ने बताया कि आम के साथ मूगफली, करेला सहित विभिन्न बागवनी फसलों से उन्हें धान की तुलना में तीन गुना अधिक तक लाभ प्राप्त हो रहा है। साथ ही शासन की योजनाओं और सब्सिडियों का लाभ भी उन्हें निरंतर मिल रहा है, जिससे खेती का विस्तार और तकनीक अपनाने में बड़ी सहायता मिली है।

कलेक्टर श्री महोबे ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सफल मॉडलों को अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाया जाए। उन्होंने 100 किसानों का चयन कर फील्ड विज़िट कराने और उन्हें प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के अन्य किसान भी वैकल्पिक, कम लागत वाली और अधिक मुनाफा देने वाली फसलों की ओर प्रेरित हों। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि किसान बदलते कृषि मॉडल को अपनाकर अपनी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं, और जिला प्रशासन हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमती रंजना माखिजा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत कार्यशाला का किया गया आयोजन

**जांजगीर-चांपा, 23 नवम्बर।** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत 19 नवम्बर वीरांगना दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), जांजगीर, शा0 जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यायल जांजगीर में वीरांगनाओं से प्रेरणा-समाज में सकारात्मक बदलाव की थीम पर जागरूकता सह कार्याशाला आयोजित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि कार्यशाला में बालिकाओं को भारतीय इतिहास की वीरांगनाओं रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंतीबाई, सावित्रीबाई फुले, मिनीमाता एवं बहादुर कलारिन के जीवन से प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएँ राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और छात्राओं को भी परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही साइबर बुलिंग, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, नवा बिहान, बाल संरक्षण इकाई व चाइल्ड लाइन योजना की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, बालिका सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, बाल विवाह रोकथाम, घरेलू हिंसा, महिलाओं के कानूनी अधिकारों एवं सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा उपलब्ध सेवाओं परामर्श, चिकित्सीय व विधिक सहायता, पुलिस सहायता, अस्थाई आश्रय और हेल्पलाइन 181 व डायल 112 के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान केन्द्र प्रशासक, सखी वन स्टॉप सेंटर जांजगीर सुश्री एच. निशा खान, सायको सोशल-काउंसलर श्रीमती सरस्वती सोनी, कैसवर्कर श्रीमती सुष्मा सिंह, कॉलेज के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे।

### महिलाओं को उद्यमिता की जानकारी देकर उद्यमी बनने किया प्रोत्साहित

**मोहला 23 नवंबर ।** रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (आरएएमपी) योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय संवेदनशीलता कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम एनआईटीकॉन लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम सीएसआईडीसी के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें कुल 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एमएसएमई उद्यमी, महिला स्वयं सहायता समूह एसएचजी सदस्य, जनपद पंचायत मोहला-मानपुर के प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहें।

कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं ने योजनाओं तथा उद्यमिता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। एनआईटी कॉन लिमिटेड के प्रमुख संपर्क अधिकारी सुरेंद्र देशमुख ने आरएएमपी योजना के उद्देश्यों और एमएसएमई को मजबूत बनाने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोन सिंह दुग्गा ने ग्रामीण क्षेत्रों में एमएसएमई तथा महिला स्वयं सहायता समूहों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। सहायक विस्तार अधिकारी एवं प्रभारी बीपीओ श्री मदनलाल उइके ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन मनरेगा, रुर्बने मिशन तथा पंचायत स्तर पर उद्यम स्थापित करने की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## एनआईएफटीईएम ने दिया मोटे अनाज से बेकरी उत्पाद निर्माण का जशपुर में प्रशिक्षण



**जशपुरनगर 23 नवम्बर ।** पोषण तत्वों के साथ ही रोजगार के अवसरों की दी जानकारी एनआईएफ़टीईएम के छात्रों ने मोटे अनाज में पाए जाने वाले फ़ाइबर, मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट्स के महत्व के साथ ही इनके नियमित उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी महिलाओं को मोटे अनाज आधारित उत्पादों से होने वाली आमदनी और बाज़ार संभावनाओं के बारे में भी बताया गया।

प्रशिक्षण में स्व-सहायता समूह की 25 महिलाओं की रही सहभागिता हरियाणा के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ फ़ूड टेक्नोलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट द्वारा महुआ पर स्थापित सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में विगत दिवस मोटे अनाज के पोषण तत्वों और इनके उपयोग से बेकरी उत्पाद बनाने संबंधी हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण में स्व सहायता समूह की 25 महिलाओं ने सहभागिता की।मोटे अनाज का उपयोग बढ़ाकर पोषण स्तर में करना है वृद्धि कार्यक्रम का उद्देश्य नान खटाई, न्यूट्रीबार, कुकीज़ जैसे बेकरी आइटम्स में मोटे अनाज का उपयोग बढ़ाकर इनके पोषण स्तर में वृद्धि करना और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करना है। यह प्रशिक्षण जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

#### स्थानीय समुदायों को खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्यमिता से है जोड़ना

जशपुर में एनआईएफ़टीईएम टीम वैल्यू-एडेड फ़ूड प्रोडक्ट्स के उत्पादन के साथ-साथ पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिए तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है। यह पूरी पहल स्थानीय समुदायों को खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्यमिता से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत की जा रही है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रो. प्रसन्ना कुमार जी.वी. और श्री अभिमन्यु गौर कर रहे हैं।

जबकि यह कार्यक्रम एनआईएफ़टीईएम के डायरेक्टर डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय के निर्देशन में संचालित हो रहा है। कार्यक्रम के संचालन और विभिन्न गतिविधियों के समन्वय में मिशन मैनेजर श्री विजय शरण प्रसाद और जय जंगल एफपीसी जशपुर के डायरेक्टर श्री समर्थ जैन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# रायगढ़ जिले के 312 खातों में जमा 3.46 करोड़ रुपए की राशि लौटाई गई



**रायगढ़, 23 नवम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन और छत्तीसगढ़ शासन की वित्तीय सशक्तिकरण नीति को गति देते हुए रायगढ़ जिले में ÷आपकी पूँजी, आपका अधिकार÷ अभियान के तहत लावारिस एवं निष्क्रिय खातों के निपटान में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जिले के 312 खातों में जमा कुल 3.46 करोड़ रुपए का सफलतापूर्वक निराकरण कर राशि उनके वास्तविक हकदारों को लौटाई गई।

वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार शुक्रवार को टीआर संस, बिजनेस हब, एक्सिस बैंक के पास, ढिमरापुर रोड में जिला स्तरीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। देशभर के 95 जिलों में आज एक साथ इस अभियान के शिविर हुए। रायगढ़ जिले के शिविर में महत्वपूर्ण रूप से ÷आपकी पूँजी, आपका अधिकार÷ पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। शिविर में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रीजनल डायरेक्टर श्रीमती रीनी अजीत ने उपस्थित नागरिकों को अभियान के उद्देश्य समझाते हुए बताया कि बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों को शीघ्र, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उनके असल वैध धारकों तक पहुँचाना सरकार और आरबीआई की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधा के लिए उद्गम पोर्टल को आधुनिक और सरल बनाया गया है, जिसके माध्यम से एक ही क्लिक में 30 बैंकों के अनक्लेम्ड डिपॉजिट अकाउंट देखे जा सकते हैं। आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक श्री दीपेश तिवारी ने पोर्टल के उपयोग की विस्तृत प्रक्रिया बताते हुए कहा कि निष्क्रिय खातों को दावा आवेदन और केवाईसी दस्तावेज जमा कर आसानी से पुनः सक्रिय किया जा सकता है।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में जिलेभर में जारी विशेष अभियानरायगढ़ जिले में अब तक 79,562 ऐसे बैंक खाते चिन्हित किए गए हैं जिन पर वर्षों से कोई दावा नहीं किया गया है। इन खातों में कुल 37.14 करोड़ रुपए की राशि जमा है। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशों और कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और बैंक संयुक्त रूप से सक्रियता से कार्य कर रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप 3.46 करोड़ रुपये की अदावाकृत राशि का निपटान संभव हो सका है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अधिकतम 3.11 करोड़ रुपये की राशि का निपटान किया गया, जिससे बड़ी संख्या में नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिला। कई परिवार इस राशि का उपयोग शिक्षा, चिकित्सा और अन्य आवश्यकताओं के लिए कर सकेंगे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि जनता की छूटी हुई हर पूँजी वापस दिलाना शासन की प्राथमिकता में शामिल है।

#### शिविर में मिला त्वरित समाधान प्रमाण-पत्र भी वितरित

विशेष शिविर में 250 से अधिक नागरिक पहुंचे। जिन खाता धारकों के दस्तावेज पूर्ण थे, उनके दावे का तत्काल निपटान करते हुए उन्हें प्रमाणपत्र भी सौंपे गए। आधार-पैन से सत्यापन, दावा फॉर्म भरना और निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने की पूरी प्रक्रिया शिविर स्थल पर ही पूर्ण कराई गई। अभियान के तहत जिले के सभी 7 विकासखंडों में शिविर का आयोजन किया जा चुका है। दो विशेष शिविर कलेक्ट्रेट कार्यालय में शासकीय खातों के पुनः सक्रियकरण के लिए किया गया है एवं चार जागरूकता शिविर लगाया जा चुका है। शिविर में अग्रणी बैंक प्रबंधक कमल किशोर सिंह ने यह जानकारी दी। शिविर में श्रीमती रीनी अजीत रीजनल डायरेक्टर, आरबीआई, श्री दीपेश तिवारी, सहायक महाप्रबंधक, आरबीआई, श्री बी.आर. रामकृष्ण नाइक, जोनल हेड, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, श्री धर्मेंद्र रावत, रीजनल मैनेजर, एसबीआई, श्री प्रवीण कुमार, रीजनल मैनेजर, बैंक ऑफ बड़ौदा, श्री प्रवीण केतकी, रीजनल मैनेजर, सीजी ग्रामीण बैंक, श्री कमल किशोर सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं अधिकारी उपस्थित थे।शिविर में अग्रणी बैंक के प्रबंधक कमल किशोर सिंह ने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन की मंशा है कि किसी भी नागरिक का पैसा निष्क्रिय खाते में बंद न रह जाए। जिला प्रशासन और बैंक मिलकर ऐसे सभी खातों की राशि जल्द से जल्द उनके हकदारों को सौंपने के लिए लगातार शिविर लगाकर प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत 31 दिसंबर 2025 तक पूरे जिले में लगातार शिविर लगते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक नागरिक अपनी निष्क्रिय जमा राशि का दावा कर सकें।

एक नजर

### राज्य स्तरीय आवास मेले में दो हजार करोड़ की नई आवासीय योजनाओं का होगा शुभारंभ

**रायपुर, 23 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य अपने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा प्रदेशवासियों को सुलभ और किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओपी चौधरी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा राजधानी रायपुर के बी.टी.आई. ग्राउंड, शंकर नगर में 23 से 25 नवंबर 2025 तक राज्य स्तरीय आवास मेला आयोजित होने जा रहा है। इस मेले में प्रदेशभर की आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों की विस्तृत जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध होगी। साथ ही, आवासीय योजनाओं की स्पॉट बुकिंग सुविधा, बैंक ऋण सहायता तथा पंजीयनकर्ताओं के लिए आकर्षक उपहार जैसी विशेष व्यवस्थाएँ भी की जाएँगी। इस दौरान हाउसिंग बोर्ड द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगभग 2000 करोड़ रुपए की नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। इन योजनाओं में लगभग 70 प्रतिशत आवासीय संपत्तियाँ समाज के कमजोर आय वर्ग के लोगों के लिए आरक्षित रहेंगी। हाल ही में सम्पन्न राज्योत्सव-2025 के दौरान गृह निर्माण मंडल ने नवा रायपुर स्थित मेला स्थल पर अपनी विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई थी, जिसे नागरिकों का भरपूर प्रतिसाद मिला। हजारों आगंतुकों ने हाउसिंग बोर्ड के स्टॉल का भ्रमण कर संपत्तियों में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भी स्टॉल का अवलोकन कर हाउसिंग बोर्ड के कार्यों की सराहना की थी।

### नियद नेल्लानार योजना के तहत दूरस्थ वनांचलों तक पहुँची डॉक्टरों की टीम

**रायपुर, 23 नवंबर।** छत्तीसगढ़ सरकार की नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत सुकमा जिले के दूरस्थ और संवेदनशील वनांचलों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की प्रतिबद्धता फिर से सफल साबित हुई। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में और सीएमएचओ डॉ. आरके सिंह के मार्गदर्शन में लखापाल एवं दुलेड़ (मुकराजकोंडा पारा) में 21-22 नवंबर को दो दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह क्षेत्र सुकमा मुख्यालय से लगभग 110 किमी दूर घने जंगलों में स्थित है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सामान्यतः चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। स्वास्थ्य शिविर में लखापाल में 133 तथा दुलेड़ में 162, कुल 295 ग्रामीणों की चिकित्सकीय जांच हुई। मरीजों को मौके पर ही निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं और आर्थिक सुरक्षा के लिए 164 नए आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, जिनसे वे भविष्य में निःशुल्क उपचार सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। शिविर के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों को मच्छरदानी का उपयोग, स्वच्छता बनाए रखना, बासी भोजन से बचना और पानी के जमाव को रोकने जैसे महत्वपूर्ण उपाय बताए गए, जिससे वे अनेक बीमारियों से बचाव कर सकें। इस स्वास्थ्य शिविर को पहली बार विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने संबोधित किया। जिला चिकित्सालय सुकमा, वीवाई हॉस्पिटल रायपुर एवं स्थानीय स्वास्थ्य अमला की संयुक्त टीम ने अत्यंत कठिन परिस्थिति में भी ग्रामीणों का निःशुल्क उपचार किया। टीम में विशेषज्ञ सर्जन, शिशु रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन विशेषज्ञ और त्वचारोग विशेषज्ञ शामिल थे।

### मेहनत की फसल का किसानों को मिल रहा है पूरा दाम

**रायुपर 23 नवंबर।** इस वर्ष मौसम किसानों के लिए शुभ साबित हुआ। अच्छी बारिश ने उनकी मेहनत को फल दिया और खेतों में हरी-भरी धान की फसल लहलहाई। अब किसान धान को काटकर मिंजाई कर रहे हैं और धान को उपार्जन केंद्र में बेचने की तैयारी कर रहे हैं। फसल की हर बाली उनके लिए सिर्फआय का साधन नहीं, बल्कि विषम परिस्थितियों से लड़कर आगे बढ़ने का साहस भी है। अब मेहनत की फसल पर उम्मीद के पूरे दाम मिल रहे हैं। गांव के मेहनती किसान सियाराम ने इस वर्ष लगभग 4 से 5 एकड़ में धान की फसल ली है। उनकी पत्नी कंचनिया बाई भी खेती-किसानी में बराबरी से हाथ बँटाती हैं। दोनों सुबह से शाम तक खेत में पसीना बहाकर फसल को तैयार करते हैं। अब जब धान बोरी में भरकर बिकने के लिए तैयार है, कंचनिया बाई के चेहरे पर एक सुकून भरी मुस्कान है। वे कहती हैं इस इलाके में धान लेना बहुत कठिन है। पानी की व्यवस्था नहीं, सब कुछ बारिश पर निर्भर, लेकिन मेहनत का फल देखकर सारी थकान मिट जाती है। घर में रखा धान पूरे परिवार के लिए उम्मीद का प्रतीक है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी को इंतज़ार है कि धान बिके और घर में आर्थिक राहत आए।

# महिलाओं के हित में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

**डोंगरगढ़ 23 नवंबर।** धर्मनगरी के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान रायपुर द्वारा आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ। महिलाओं के हित के तहत कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा तथा महिलाओं के लिए था बड़ी संख्याओं में माताएं बहने उपस्थित थी उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता किए डॉ.ए.वी रेवती प्राचार्य शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ मुख्य वक्ता श्रीमती डॉ.राजश्री वैद्य अखिल भारतीय मंत्री विद्या भारती, मुख्य वक्ता श्रीमती वैशाली देशकर सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती त्रिवेणी मंडल सहसंयोजक श्रीमती कौशल्या वर्मा श्रीमती रेवती वर्मा श्रीमती झुंपा मंडल वृंदा वर्मा दीदी उपस्थित रहे ,अतिथियों के पूजा अर्चना से कार्यक्रम आरंभ हुआ तत्पश्चात विद्यालय के बहनों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत



किया गया ।अतिथि परिचय श्रीमती कौशल्या वर्मा ने करवाया स्वागत श्रीमती स्मृति पांडे, निशा नागमोते, एवं एस राव, कीर्ति दफेदार दीदी द्वारा किया गया। प्रस्तावना श्रीमती रेवती वर्मा ने प्रस्तुत किया। श्रीमती ज्योति शर्मा चंद्रिका यादव प्रिया दीदी आदि के द्वारा माताओं से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाया गया और माताओं को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया ।प्रेरणादाई महिलाओं के संदेश विद्यालय की बहनों द्वारा प्रस्तुत किया गया जिनका निर्देशन पल्लवी दीदी ने किया इसमें शामिल रहे वंशिका, खेविका ,लता ,मोनिका ,मनस्वी आदि जिन्होंने सावित्रीबाई फुले लक्ष्मीबाई, भारत माता ,आनंदी जोशी ,तीजन बाई आदि का वेश धारण करके आए और इनके द्वारा किया गया सामाजिक कार्य देशभक्ति कार्य, सामाज जागरण ,जन आंदोलन का कार्य आदि को हाव भाव एकल अभिनय द्वारा प्रस्तुत किया इसी उत्सव पर विशिष्ट माताओं का सम्मान किया अनन्या श्रीवास्तव ( डॉक्टर),देवराज साहू (सैनिक) तुलेश देवांगन(वैज्ञानिक) की माताजी का सम्मान किया गया। अनुभव कथन श्रीमती सोम जघेल ने प्रस्तुत किया डॉक्टर रेवती ने विभिन्न उदाहरणों लक्ष्मीबाई ,सावित्रीबाई फुले ,तीजन बाई, आनंदी जोशी आदि के बारे में बताते हुएभारत के विकास में महिलाओं के योगदान को समझाया।इसी प्रकार श्रीमती राजश्री वैद्य जी ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टिकोण को समझाते हुए भारतीय महिलाओं का भारत के उत्थान में उनके योगदान को समझाया इसी क्रम में श्रीमती वैशाली देशकर ने सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए महिलाओं को देश के विकास में देश की प्रगति में अग्रसर बताया उन्होंने कहा कि महिलाओं के अंदर स्मृति, मेधा ,वाक, कीर्ति, क्षमा, धृति,श्री आदि का महत्वपूर्ण गुण पाया जाता है जो उनको शक्ति प्रदान करता है कार्यक्रम का संकल्प त्रिवेणी मंडल ने करवाया आभार प्रदर्शन श्रीमती झुंपा मंडल ने किया और कार्यक्रम का सफल संचालन त्रिवेणी मंडल एवं लता सोनकर दीदी ने मिलकर किया उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा इस अवसर पर रामकुमार वर्मा सह प्रांत प्रमुख, संस्थान प्रतिनिधि रेवाराम मानिकपुरी दीपक यादव संभाग समन्वयक प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद आदि पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

मनरेगा योजना बनी ग्रामीण आत्मनिर्भरता का आधार

# बकरी शेड बन जाने से महेत्तर लाल की आजीविका को मिला नया संबल

**रायपुर,23 नवंबर।** मेहनत को जब उचित अवसर मिलता है, तो सपने हकीकत में बदल जाते हैं। जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम साजापाली के किसान श्री महेत्तर लाल बरेठ की जीवन यात्रा भी इसी प्रेरणादायक परिवर्तन की कहानी कहती है। मनरेगा योजना के तहत निर्मित बकरी शेड ने न सिर्फ उनकी आजीविका को सुरक्षित आधार दिया, बल्कि उनके आत्मविश्वास और भविष्य दोनों को नई दिशा प्रदान की है।पहले बारिश और धूप में खुले में पशुओं की देखभाल करने वाले श्री महेत्तर लाल आज एक मजबूत और सुरक्षित बकरी शेड के स्वामी हैं, जिसने उनके पशुपालन कार्य को नई गति और स्थिरता प्रदान की है। यह निर्माण कार्य सिर्फ एक संरचना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की ओर बढ़ता हुआ एक सशक्त कदम है।



मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत साजापाली में हितग्राही महेत्तर लाल के लिए आजीविका संवर्धन हेतु बकरी शेड निर्माण स्वीकृत किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुमोदित इस कार्य की कुल राशि 0.88 लाख रुपये थी, जिसमें 0.11 लाख मजदूरी और 0.77 लाख सामग्री मद के रूप में स्वीकृत किए गए। जनवरी 2024 में शुरू हुए इस कार्य को नवंबर 2024 में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। इसके क्रियान्वयन से 42 मानव दिवस का सृजन हुआ, जिससे स्थानीय मजदूरों को भी रोजगार मिला।

ग्राम पंचायत साजापाली की जनसंख्या लगभग 940 है, जिसमें 567 परिवार जॉब कार्ड धारक हैं। यह पंचायत जनपद अकलतरा से लगभग 7 किलोमीटर दूरी पर स्थित है।हितग्राही महेत्तर लाल बरेठ ने बताया कि शेड निर्माण से पहले पशुपालन में काफी कठिनाइयाँ थीं। बरसात और ठंड में बकरियों के लिए सुरक्षित आश्रय की कमी रहती थी, जिससे उत्पादन और आय दोनों प्रभावित होते थे। लेकिन अब पक्का शेड बन जाने से दूध और खाद उत्पादन में वृद्धि हुई है तथा उनकी आमदनी दोगुनी हो गई है।

उन्होंने कहा कि यह शेड उनके लिए स्थायी आजीविका का मजबूत साधन बन गया है और अन्य ग्रामीणों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में इस निर्माण कार्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मनरेगा के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्राम पंचायत साजापाली की सक्रिय भागीदारी और प्रशासनिक सहयोग से यह कार्य समय पर पूर्ण हुआ, जो ग्रामीण विकास के उत्कृष्ट मॉडल के रूप में उभर रहा है। बकरी शेड निर्माण ने ग्रामीण परिवारों में आत्मनिर्भरता की नई रोशनी जलाई है और आजीविका सशक्तिकरण का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### नवाचार की नई मिसाल : जैविक खेती, फसल विविधता, पशुपालन और मत्स्य पालन का एकीकृत मॉडल

**रायपुर, 23 नवंबर।** वन एवं दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार जिले में खेती-किसानी में नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड गीदम के ग्राम बिंजाम के 57 वर्षीय प्रगतिशील किसान श्री हरसिंह ओयामी जिले में जैविक खेती के प्रमुख प्रेरणास्रोत के रूप में उभरकर सामने आए हैं। परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए उन्होंने अपनी कृषि व्यवस्था को पूरी तरह जैविक, टिकाऊ और लाभकारी मॉडल में बदल दिया है। परिवार का सहयोग, लगातार मेहनत और वैज्ञानिक सोच ने उन्हें जिले के अग्रणी जैविक किसानों की श्रेणी में शामिल कर दिया है। कृषि विभाग की सहायता से श्री ओयामी को पक्का पशु शेड, नाडेप टांका, वर्मी टांका सहित विभिन्न जैविक संरचनाओं का लाभ मिला। देशी गायों के सुव्यवस्थित पशुपालन ने उनकी जैविक खेती को और भी मजबूत बनाया।

## पुनर्वासित युवाओं के साथ उपमुख्यमंत्री शर्मा ने लगाई चौपाल, खुद बैठकर युवाओं के बनवाये आधारभूत दस्तावेज

**रायपुर, 23 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने आज शाम सुकमा में बनाये गए पुनर्वास केन्द्र में आकस्मिक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटे युवाओं के साथ चौपाल लगाकर उनसे बात की। इस दौरान पुनर्वासित युवाओं ने अपनी बातों को उपमुख्यमंत्री के सामने रखा। जहां उपमुख्यमंत्री खुद भी युवाओं के जमीन पर साथ बैठे और उनसे आत्मीय चर्चा की। उपमुख्यमंत्री की सरलता ने सभी को आनंदित कर दिया। सभी ने अपने मन की बातें बिना संकोच के उनके समक्ष रखी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने युवाओं से संवाद करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र में आधारभूत व्यवस्थाओं के संबंध में युवाओं से सीधे जानकारी भी ली और अधिकारियों को उनके खाने और अन्य आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने युवाओं से शिक्षा और खेती एवं उनके परिवार सदस्यों से मुलाकात के संबंध में भी जानकारी ली। जहां पर उन्होंने अधिकारियों और पुनर्वासित युवाओं से कहा कि आपके परिजन यदि पुनर्वास केन्द्र में आकर मुलाकात करना चाहते हैं और यदि बाजार वाले दिन आकर जब भी मिलना चाहें तो उनसे मुलाकात कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी पुनर्वासित युवा के परिवार जेल में निरूद्ध हैं और युवा उनसे मिलना चाहें तो उसकी भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने युवाओं में से यदि कोई विवाह की इच्छा भी रखते हैं तो उनके लिए भी सामूहिक विवाह की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# ट्रैक्टर से उछलकर गिरा नाबालिग,ट्राली में दबने से मौत ; गांव में पसरा मातम

**भखारा22 नवंबर।** भखारा थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय एक नाबालिग की ट्रैक्टर ट्राली में दबकर मौत हो जाने की घटना सामने आया है. घटना तब घटित हुई,जब युवक हार्वेस्टर में धान कटाई किये हुए अनाज को ले जाने के लिए टैक्टर में सवार होकर राईस मिल के करीब गाड़ाहीह खार की ओर जा रहा था नाबालिग के मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार शाम तकरीबन 4 बजे ग्राम पचपेड़ी निवासी ऐश्वर्य कुमार पिता कुशल साहू उम्र 16 वर्ष अपने घर के हार्वेस्टर मशीन के पीछे धान ढुलाई कार्य मे लगे ट्रैक्टर-ट्राली में सवार होकर आना-जाना कर रहा था इसी दिन उनका हार्वेस्टर गाड़ाहीह-रामपुर मार्ग के पास स्थित राईस मिल के समीप गाड़ाहीह खार में धान कटाई का कार्य कर रहा था जिसमे कटे हुए धान को किसान के घर तक खाली करने एक ट्रैक्टर ट्राली भी लगा



हुआ था. जिसमे सवार होकर वह भी आना-जाना कर रहा था. इसी दौरान मेड़ पार करते ट्रैक्टर में लगा ट्राली पलट गया और ट्रैक्टर में सवार नाबालिग ऐश्वर्य उसकी चपेट में आकर घायल हो गया।

अन्य खेतों में कार्य कर रहे मजदूरों ने ट्राली पलटते देख दौड़ा

ग्रामीणों ने बताया कि घटना के समय वहीं आसपास अन्य खेतों में काम कर रहे मजदूरों ने ट्राली पलटते देख दौड़कर घटना स्थल पहुंचकर ट्राली में दबे नाबालिग को खींचकर बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी. जिसे ईलाज के लिए तत्काल मसीही अस्पताल धमतरी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद ऐश्वर्य को मृत घोषित कर दिया. जिसे पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय में रिफर किया गया. इधर अस्पताल चौकी में मामला पंजीबद्ध कर शव का पोस्टमार्टम करा जांच पंजी भखारा थाना भेजा गया।

नाबालिग के मौत पर उठ रहे हैं सवाल

इस पूरे घटनाक्रम में मृतक के पिता कुशल साहू का बयान दर्ज कर पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है. वहीं घटना कैसे घटित हुई इस बारे मे अभी तक कोई भी खुलकर नही बोल रहे है. मृतक के पिता सिर्फ इतना बता रहे है कि उनके पुत्र हार्वेस्टर के लिए डीजल लाने रानीतराई गया हुआ था गाड़ाहीह स्तिथ राईस मिल के पास की खेत में ट्राली में दब जाने से मौत हो गई कि जानकारी होने पर घटना स्थल से बेटे को उठाकर ईलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया जिसके बाद लोगों के जहन में कई तरह के सवाल उठ रहे है कुछ लोगों का यह भी कहना है कि नाबालिग स्वयं ट्रैक्टर चला रहा था और ट्राली पलटने लगी तो डरकर वह ट्रैक्टर से कूद गया और खुद इस हादसे में अपनी जान गंवा बैठा. वहीं कुछ लोगों का कहना है कि यदि नाबालिग सिर्फ ट्रैक्टर में सवार था तो चालक कौन था और घटना के समय वह कहां गायब हो गया. यदि कोई चालक नही था तो ट्रैक्टर मालिक ने कैसे एक नाबालिग को ट्रैक्टर चलाने के लिए दे दिया? बहरहाल नाबालिग की मौत पर सस्पेंस बनी हुई है और पुलिस अब आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है।

तुंहर टोकन मोबाइल ऐप से मिल रही घर बैठे टोकन की सुविधा : रामसाय यादव

# सरकार की किसान हितैषी नीतियों से बढ़ा किसानों का भरोसा

**रायपुर,23 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में धान खरीदी का महापर्व इस वर्ष भी सुगमता और पारदर्शिता के साथ मनाया जा रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी ने किसानों के बीच नई उम्मीद और उत्साह जगाया है। प्रदेश के किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पाकर संतुष्ट हैं तथा बड़ी संख्या में धान खरीदी केंद्रों में पहुँचकर विक्रय कर रहे हैं। प्रशासन ने सभी केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए बेहतर और सुव्यवस्थित प्रबंध सुनिश्चित किए हैं।

जांजगीर चांपा जिले के खरौद के किसान श्री रामसाय यादव आज धान उपार्जन केंद्र खरौद में धान विक्रय के लिए पहुँचे। केंद्र पहुँचने पर जिला कलेक्टर ने उन्हें फूल-माला पहनाकर और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। श्री रामसाय यादव







ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस वर्ष धान खरीदी व्यवस्था पहले से कहीं अधिक बेहतर और किसान-मित्र साबित हो रही है।

उन्होंने बताया कि धान खरीदी से एक दिन पूर्व ही उन्होंने तुंहर टोकन मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर लिया था। पहले टोकन जारी होने के लिए सोसायटी में घंटों इंतजार करना पड़ता था, परंतु अब डिजिटल व्यवस्था से किसानों को बड़ी राहत मिली है। श्री रामसाय यादव ने लगभग 15 क्विंटल धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि खरीदी केंद्र में नमी परीक्षण, बारदाना उपलब्धता, धान भराई, तौल और पर्ची निर्गत– सभी प्रक्रियाएँ समयबद्ध और बिना किसी परेशानी के संपन्न हुईं। उन्होंने कहा कि 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य और प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी सीमा जैसे निर्णय किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं, जिससे खेती अब और अधिक आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। सरकार की किसान हितैषी नीतियों और डिजिटल सेवाओं के कारण किसानों में भरोसा और उत्साह लगातार बढ़ रहा है।

समाचार संक्षेप

### अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए



**राजनांदगांव 23 नवंबर।** ग्राम बोरी विकासखंड राजनंदगांव अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की बैठक संपन्न बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में गीता जयंती को सात दिनों तक मनाने का निर्णय लिया गया, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, बंधावीर वैरागी की जयंती मनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया और बताया कि कैसे सुदामा ने अपने मित्रों के संकट को स्वयं ग्रहण किया और भगवान कृष्ण को संकट से बचाया। अनिल नागवंशी जी ने भी अपनी बातें रखीं और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। गीता जयंती के कार्यक्रम के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं और कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। सतीश तिवारी ज्ञानेश गुप्ता डोमन दास वैष्णव भोला वैष्णव तुषार मिश्रा भोला देवसर मंदिर जलाराम मंदिर गाथाला भगवान मंदिर दिग्विजय कॉलेज साइंस कॉलेज तथा जिला जेल में गीता जयंती 30 नवंबर से 6 दिसंबर तक मनाया जाएगा इस अवसर पर थानेश्वर प्रसाद मिश्रा, डोमनदास वैष्णव, तुषार मिश्रा, सतीश तिवारी, अनिल नागवंशी और अन्य लोग उपस्थित थे। विशेष रूप से निधि वैष्णव, जिला मंडलेश्वर राज दुबे, दिलीप वैष्णव, अनिल कुमार शर्मा, शेखर दुबे, ज्ञानेश्वर दास वैष्णव, महाराज शर्मा (जगन्नाथ मंदिर), जितेंद्र झा (दिग्विजय कॉलेज गणेश मंदिर), डोंगरगढ़ बजरंगबली मंदिर के महाराज चंदन दास जी, हनुमान मंदिर पांडाडह बड़े जमात मंदिर के पुजारी रिंकू दास जी, कृष्ण मंदिर के पुजारी मनीष दास जी, महावीर मंदिर के पुजारी हालदार दास जी सहित अन्य अनेक मंदिरों के संत-महंतों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी।

इसके अतिरिक्त सामाजिक बंधुओं में एल.डी. निर्मोही, राकेश दास वैष्णव, संजय वैष्णव, संदीप दास वैष्णव, किल्लापारा वैष्णव, शिव वैष्णव, कृष्ण कुमार वैष्णव, जितेंद्र वैष्णव, सतीश वैष्णव, मनोज निर्वाणी, बाबा वैष्णो, ज्ञानी वैष्णव, रोहित वैष्णव, धर्म वैष्णव, अमर वैष्णव, संजीत वैष्णव, राजकुमार वैष्णव, सोनेट निर्वाणी, राम वैष्णव, विष्णु वैष्णव, महेंद्र वैष्णव, राजा जमात मंदिर के संतोष वैष्णव, डॉ. रविंद्र द्विवेदी, अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के युवा इकाई अध्यक्ष राघवेंद्र दास, निर्मोही अखाड़ा के महंत नंदकिशोर दास उपस्थिति रही। वैभव निर्वाणी ने सभी संतों, सामाजिक बंधुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### राज्यपाल रमेन डेका खैरागढ़ महोत्सव के समापन समारोह में हुए शामिल

**रायपुर, 23 नवंबर।** कला और संस्कृति की प्रतिष्ठित धरती खैरागढ़ शुक्रवार की रात को रंगरस संगीत की रंगीन छटा से निखर उठी। बहुप्रतीक्षित खैरागढ़ महोत्सव के समापन समारोह में राज्यपाल श्री रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि खैरागढ़ की सांस्कृतिक धरोहर न केवल छत्तीसगढ़ की पहचान है, बल्कि यह भारत की विविध कला-पद्धतियों का जीवंत केंद्र भी है। उन्होंने बताया कि यहां की संस्कृति रामायण काल से भी प्राचीन है। उन्होंने कहा कि संस्कृति के संरक्षण में ग्रामीणों की भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में कला के प्रति प्रेम और संरक्षण की प्रेरणा जगाते हैं तथा कलाकारों को अपने हुनर के प्रदर्शन का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि खैरागढ़ भारत की कला-राजधानी के रूप में उभर रहा है और यह महोत्सव आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त करेगा। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लवली शर्मा ने कहा कि खैरागढ़ महोत्सव विद्यार्थियों की साधना, सृजनशीलता और कला-अनुसंधान का सशक्त मंच है तथा विश्वविद्यालय भविष्य में राष्ट्रीय कला केंद्र के रूप में स्थापित होगा। समारोह में नृत्य संकाय के विद्यार्थियों ने कथक, भरतनाट्यम व ओडिसी नृत्य की सधी हुई प्रस्तुतिया दी।

### बिहान से गनेशी बाई आत्मनिर्भरता की राह पर

**रायपुर, 23 नवंबर।** कोण्डागांव जिले के जनपद पंचायत बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम बस्तरबुड़ा की निवासी श्रीमती गनेशी मरकाम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़कर पशुपालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। गनेशी मरकाम आज 'लखपति दीदी' के रूप में अपनी नई पहचान बना चुकी हैं। गनेशी मरकाम गायत्री महिला स्व-सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं। समूह के माध्यम से उन्होंने मक्का की खेती, बकरी पालन और सूकर पालन को आजीविका का माध्यम बना कर अपने आर्थिक और सामाजिक जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया है। इन गतिविधियों से उन्हें लगभग 3.56 लाख रुपये तक की वार्षिक आय हो रही है। उन्होंने बताया कि समूह में जुड़ने से पहले वे अपने परिवार के साथ कृषि कार्य, मजदूरी और सीमित बकरी पालन कर अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-202511142400005/ अ-2/2024-25

साकिनः-कंडेल, प.ह.नं. 08

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक नाथूराम साहू पिता स्व. जयलाल साहू, जाति तेली, निवासी ग्राम कंडेल, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कंडेल, प.ह.नं. 08, तहसील चारामा में स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 703 रकबा 0.06 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 28.11.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 14.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर



# मैंने वक्त से पूछा मेरा कसूर क्या था... वो हँसा और बोला,तूने हर किसी को अपना समझा...

सन 1960 यानि करीब 65 साल पहले कृष्ण चन्दर ने एक कहानी 'जामुन का पेड़' व्यंगात्मक लिखकर सरकारी अधिकारियों, नौकरशाहों के कामकाज पर तंज किया था, कमोवेश हालात आज भी नहीं सुधरे हैं,देश के कुछ प्रदेशों में सीएम,मंत्रियों की अधिकारी नहीं सुनते हैं,जहां कमजोर सीएम हैं वहाँ के हालत तो और भी ख़राब हैं..? वैसे यह कहानी आईसीएसई के पाठ्यक्रम से 2020-2021 में हटा दी गई क्योंकि इसे सरकार की आलोचना के तौर पर देखा गया।जामुन का पेड़÷ कृष्ण चंदर की एक प्रसिद्ध व्यंग्य कहानी है, जिसमें एक सरकारी दफ्तर की लालफीताशाही पर कटाक्ष किया गया है। कहानी एक आदमी के इर्द -गिर्द घूमती है जो तूफान से गिरते हुए जामुन के पेड़ के नीचे दब जाता है। प्रशासन उसे बचाने के लिए तुरंत कार्रवाई नहीं करता,फाइलें कई विभागों में इधर- उधर घूमती रहती हैं, जब तक फैसला आता है, तब तक उस आदमी की मृत्यु हो जाती है। घटना की रात के तूफान में सचिवालय के लॉन में जामुन का एक पेड़ गिर जाता है, उसके नीचे एक आदमी दब जाता है। माली से चपरासी, चपरासी से क्लर्क, क्लर्क से सुपरिंटेंडेंट तक सूचना पहुंचती है। लोग पेड़ को काटना नहीं चाहते, क्योंकि यह एक फलदार 'महत्वपूर्ण' पेड़ है, समस्या को हल करने के बजाय, विभिन्न अधिकारी फाइल को एक दूसरे के पास भेजते रहते हैं। फाइल कृषि, बागवानी, वन विभाग में घूमती रहती है,फिर दबे व्यक्ति के शायर होने का पता चलने पर संस्कृति, साहित्य अकादमी तक फाइल पहुँचती है, फिर पता चलता है,जामुन का पेड़ किसी विदेशी मेहमान ने लगाया है, तो फिर विदेश विभाग से होते हुए फाइल अंततः पीएम तक पहुंचती है। एक तरफ जहां आदमी की जान की परवाह नहीं की जाती, वहीं दूसरी तरफ दो देशों के संबंधों और पेड़ के महत्व को प्राथमिकता दी जाती है।आखिरकार, पेड़ काटने का फैसला आता है और फाइल पूरी हो जाती है, तो पता चलता है, पेड़ के नीचे दबा हुआ आदमी दम तोड़ चुका है। 'फाइल परम्परा' आज भी बदस्तूर जारी है.....?

## पुलिस आयुक्त प्रणाली

की फिर सुगबुगाहट....रायपुर में पुलिस आयुक्त प्रणाली नए साल में लागू करने को लेकर एक बार फिर सुगबुगाहट तेज हो गई है।नए पुलिस कमिश्नर की नियुक्ति को लेकर सरकार और पीएचक्यू दोनों स्तरों पर मंथन जारी है। पद के लिए एडीजी या आईजी रैंक के विकल्पों पर गंभीरता से विचार हो रहा है,राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली 1 जनवरी से लागू करने की प्रक्रिया तेज हो गई है, डीजीपी की ओर से गठित कमेटी ने अक्टूबर में अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी। ओडिशा,मप्र के कमिश्नरेट मॉडल को आधार बना दो विकल्प सुझाए गए थे। साथ ही दोनों मॉडलों के फायदे, चुनौतियां, स्टाफिंग पैटर्न का तुलनात्मक विश्लेषण भी इसमें शामिल है, इसके बाद ऐसी चर्चा थी, रायपुर में 1 नवंबर से पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की जाएगी, पुलिस मुख्यालय ये तय नहीं कर पाया किस स्तर अधिकारी को जिम्मेदारी दी जाए,उसके चलते कमिश्नर प्रणाली सिस्टम अटक गया था।अब फिर से रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने तैयारी शुरू हो गई है, साथ ही गृह विभाग लगातार समीक्षा में जुटा है, ताकि नए सिस्टम में किसी तरह की कमी न रह जाए,विभागीय सूत्र के अनुसार, मौजूदा एसपी- सीएसपी पैटर्न पर







जिले का स्टाफपहले से ही दबाव में है, नई व्यवस्था में बड़े रैंक के अधिकारियों की तैनाती बेहद आवश्यक मानी जा रही है,अक्टूबर में सौंपी गई रिपोर्ट में यह स्पष्ट था कि रायपुर में कमिश्नरेट सिस्टम प्रभावी ढंग से लागू करनेके लिए 500 से अधिक नए स्टाफ की नियुक्ति अनिवार्य होगी,इसके साथ ही कई विभागीय संरचना में बदलाव,नई शाखाओं का गठन और ट्रैफिक व्यवस्था को पुनर्गठित करना भी जरूरी बताया गया है।सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में डीजीपी कॉन्फ्रेंस के बाद आईजी और एस पी स्तर पर बड़े फेरबदल देखने को मिल सकता है, ताकि कमिश्नरेट के लिए आवश्यक प्रशासनिक ढांचा तैयार किया जा सके,माना जा रहा है कि रायपुर में कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद पुलिसिंग में तेजी, जवाबदेही, कानून-व्यवस्था मजबूत होगी।

## बड़ा नक्सली लीडर हिड़मा मारा गया, कौन था..



1 करोड़ का इनामी,5 राज्यों की पुलिस जिसकी तलाश में थी,बस्तर के मूल निवासी हिदमा मंडावी, पत्नी राजे के साथ मुठभेड़ में मारा गया।कद-काठी में छोटे से दिखने वाले हिडमा का नक्सली संगठन में बड़ा नाम था। 13 साल की उम्र में संगठन में शामिल होने वाला हिदमा,नेतृत्व क्षमता, खूंखार प्रवृत्ति के चलते ही टॉप सेंट्रल कमेटी का सदस्य बना दिया गया। उसकी परवरिश उस समय हुई जब सुकमा में नक्सली घटनायें चरम पर थीं। हिडमा दसवीं तक पढ़ा था। हमेशा कड़ी सुरक्षा में रहनेवाला हिदमा अपने साथ हमेशा एक नोट बुक लेकर चलता था, वह अपने नोट्स लिखता रहता था। 2010 में ताड़मेटला हमले में सीआरपीएफ के 76 जवानों की शहादत में हिड़मा का नाम आया था। इसके बाद साल 2013 में झीरम हमले में भी हिडमा की भूमिका थी। इस हमले में कई बड़े कांग्रेसी नेताओं सहित 31 लोग दिवंगत हो गये थे। 2017 में बुरका पाल में हुए हमले में हिडमा की अहम भूमिका थी।इस हमले में सीआरपीएफ के 25 जवान शहीद हो गये थे। हिडमा ने फिलीपींस में गोरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग ली थी। खैर पति -पत्नी का दाह संस्कार सुकमा के पूवर्ती गांव में किया गया।

## 'पंडुम कैफ़े' छ्ग सरकार की अभिनव पहल

आप एक कैफे में बैठे हैं। आपने कॉफी ऑर्डर की है, जिसे सर्व करने एक वेटर आपकी टेबल पर आता है। आप सुकून से बैठ कॉफी पीते हैं, तभी आपको पता चलता है, जो हाथ आपकी टेबल पर कॉफी सर्व कर रहे थे, वो कभी एके-47 चलाते थे और जंगलों में आईईडी बिछाते थे।यह छत्तीसगढ़ सरकार की एक नई पहल है। सीएम विष्णु देव साय ने जगदलपुर में 'पंडुम कैफ़े' का उद्घाटन कर बस्तर में सामाजिक- आर्थिक बदलाव की नई शुरुआत की है,यह कैफ़े नक्सली हिंसा के पीड़ितों, आत्मसमर्पण कर चुके लोगों को पुनर्वासित करने उन्हें सम्मानजनक आजी विका प्रदान करने की छग सरकार की अहम पहल है। 'पंडुम कैफ़े' जगदलपुर की पुलिस लाइन परिसर में खोला गया है। इसके पीछे बस्तर के आईजी सुंदरराज पीज़ की बड़ी भूमिका है।

## और अब बस.....

- » दसवीं बार बिहार के सीएम बने नीतीश कुमार।
- » रायपुर में रहनेवाले एक पूर्व मंत्री के निवास में आज भी सबसे अधिक भीड़ रहती है....।
- » छग के महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन. भारत ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजभवन ने इस्तीफा मंजूर कर लिया है।
- » भाजपा सांसद भोजराज नाग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मज़ाकिया अंदाज में कहा कि वो उस अधिकारी के नाम से नींबू काटेंगे जो फोन नहीं उठाता...ये बयान हंसी का विषय बना तो चर्चा में भी आ गया है!

## एक नजर

### एल्युमीनियम पर कस्टम ड्यूटी 15% तक बढ़ाने की मांग

**रायपुर 23 नवंबर।** देश के खनन क्षेत्र की शीर्ष संस्था, भारतीय खनिज उद्योग महासंघ (एफआईएमआई) ने केंद्रीय बजट 2026-27 से पहले वित्त मंत्रालय को महत्त्वपूर्ण सिफारिशें भेजी हैं। इसमें घरेलू एल्युमीनियम उद्योग की सुरक्षा के लिए त्वरित नीतिगत हस्तक्षेप की मांग की गई है। एफआईएमआई ने प्राथमिक एल्युमीनियम और उससे संबंधित उत्पादों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी बढ़ाकर 15त्न करने की सिफारिश की है, ताकि एल्युमीनियम के आयात में तेज़ी से हो रही वृद्धि को रोका जा सके और घरेलू विनिर्माण को सुरक्षा प्रदान की जा सके। फिलहाल वैश्विक स्तर पर लागू टैरिफ और गैर-टैरिफ सुरक्षा उपायों के कारण एल्युमीनियम अधिशेष वाले देशों से आयात बढ़ने लगा है, जिससे भारत का एल्युमीनियम निर्माण आधार गंभीर खतरे में पड़ गया है। संघ ने बताया कि देश में एल्युमीनियम उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए अब तक 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश किए जा चुके हैं, और अतिरिक्त 1.6 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना भी पाइपलाइन में है।

### खुली पानी की टंकी में डूबकर 3 साल की बच्ची की मौत, गांव में पसरा मातम

**बिलासपुर 23 नवंबर।** शहर के कोटा इलाके में आज एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 3 साल की मासूम बच्ची की खुली पानी की टंकी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद कोटा पुलिस ने पंचनामा कर बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बच्ची दोपहर के समय घर के आंगन के पास खेल रही थी। इसी दौरान वह वहां रखी खुली पानी की टंकी के पास पहुंच गई और अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण टंकी में गिर गई। कुछ ही मिनटों में यह मासूम की जिंदगी छीन लेने वाला हादसा साबित हुआ।

जब तक परिजनों ने बच्ची को पानी से बाहर निकाला, उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी। परिवार के सदस्य उसे दौड़ते हुए कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना के बाद कोटा पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के भेजा। प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि हादसा पूरी तरह से आकस्मिक था। बच्ची की मौत की खबर फैलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। पड़ोसी और रिश्तेदार बड़ी संख्या में बच्ची के घर पहुंचे, जहां परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। मासूम की असमय मौत ने हर किसी को झकझोरकर रख दिया है।

### निधन

#### सुनील कुमार जोसफ



**रायपुर 23 नवंबर।** न्यू शांति नगर निवासी सुनील कुमार जोसफ जल संसाधन विभाग से सहायक अभियंता (ए.ई.) का शनिवार को निधन हो गया । वे युगांक जोसफ एवं सुरभि साहिल देव के पिता थे। वेट सीए जयश्री जोसफ एवं साहिल देव के ससुर थे। वे शिवेन्द्र एवं दीप्ति के मौसा, ईशांक, शशांक, सौम्या, इशिका, विनय एवं रेनू के बड़े पापा थे । उनका अंतिम संस्कार सेंट पॉल कब्रिस्तान टिकरापारा में किया गया ।

# एसआईआर पर कांग्रेस फैला रही भ्रमः साव

**रायपुर 23 नवबर।** एसआईआर प्रक्रिया के मंथन में जुटी कांग्रेस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस ने एसआईआर को लेकर खूब हल्ला मचाया था. कांग्रेस ने वोट चोरी का आरोप लगाया था, लेकिन बिहार की जनता ने मुंहतोड़ जवाब दिया. इसके बावजूद कांग्रेस बेबुनियाद बातें कर के भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि एसआईआर पहली बार नहीं, बल्कि बरसों से होते आ रहा है. कांग्रेस अपना जनाधार खो चुकी है, इसलिए अब जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है. जैसे बिहार की जनता ने कांग्रेस को जवाब दिया है, उसी तरह अन्य राज्यों की जनता भी उन्हें जवाब देगी.



रायपुर में 3 दिसंबर को होने वाले भारत बनाम दक्षिण अफ्रिका के दूसरे वनडे मैच को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद है. राजधानी रायपुर में इंटनेशनल वनडे मैच होना छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य और गर्व का विषय है. 3 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच का आगाज होगा. ये मैच छत्तीसगढ़ के लिए यादगार होने वाला है.

प्रदेशभर में आबकारी और डीएमएफ घोटाला मामले में लगभग 18 ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की रेड कार्रवाई को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि दोनों मामलों में लंबे समय से इन्वेस्टिगेशन चल रही है. दोनों ही मामलों की जांच पहले से ही की जा रही. जांच के आधार पर यह कार्रवाई हो रही है. जांच एजेंसी अपना काम कर रही है. डीजी कॉन्फ्रेंस को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने डीजी कॉन्फ्रेंस के लिए इस वर्ष छत्तीसगढ़ को चुना है. देशभर के वरिष्ठ अधिकारी एक मंच पर जुटेंगे. आने वाले समय की कार्ययोजना पर चर्चा होगी. यह बहुत ऐतिहासिक कॉन्फ्रेंस होने जा रही है.

PICTURE-



**रायपुर 23 नवंबर। कैंसर को लेकर लोगों को जागरूक करने आज आईएमए ने मेडिकल कालेज से लेकर भगतसिंह चौक तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया।**

# गलत नीतियों के कारण 60,000 बुनकरों के सामने रोजी-रोटी का संकट

**रायपुर 23 नवंबर।** भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण स्थानीय 60,000 बुनकरो के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न होने का आरोप लगाते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि वोकल फॉर लोकल का नारा लगानी वाली भाजपा सरकार ने एक भाजपा नेता को फायदा पहुंचाने यूपी, गुजरात, राजस्थान के व्यापारियों से सरकारी विभागों के लिए चादर खरीदी की है, जिसके कारण प्रदेश के बुनकरों को 14 करोड़ रुपया का नुकसान हुआ है। स्थानीय बुनकरों द्वारा बनाई गई 4 लाख नग चादर गोदाम में जाम हो गई है जिसके कारण 60 हजार बुनकरो के सामने गम्भीर रोजगार संकट उत्तपन्न हो गया है। ये बुनकर कर्ज में दब गये है, अपने भविष्य को लेकर चिंतित है, परेशान है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार का वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर बनाने का नारा सिर्फ विज्ञापन तक सीमित है, धरातल पर इसके विपरीत काम हो रहा है। प्रदेश के बुनकरों के द्वारा बनाई गई चादर ट्राइबल विभाग सहित अन्य विभागों को सप्लाई होना था और राज्य के भंडार क्रय नियम के तहत सरकार के सभी विभाग और सार्वजनिक उपक्रमों में उपयोग होने वाले वस्त्रों और रेडीमेड गारमेंट की सप्लाई राज्य के बुनकरों द्वारा उत्पादित हथकरघा एवं खादी वस्त्र से किए जाने का प्रावधान है, इसके लिए हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इस क्रय नियम को किनारे कर मोटी कमीशनखोरी और भारी भ्रष्टाचार के लिए यूपी एवं राजस्थान के व्यापारियों से चादर खरीदी की गई। ये तो सीधा-सीधा सरकारी नियमों का उल्लंघन है। जब चादर दूसरे राज्य से खरीदी होगी तो प्रदेश के बुनकर क्या करेंगे? कांग्रेस मांग करती है कि सरकारी विभागों में स्थानिक बुनकरों के द्वारा बनाई गई चादर एवं अन्य कपड़ा की सामग्री की खरीदी किया जाये।

# औषधि प्रशासन के अधिकारी वसूली में लगे : राकेश गुप्ता

**रायपुर 23 नवंबर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता को विभिन्न जिलों के खाद्य एवं औषधि प्रशासन के विरुद्ध मिल रही शिकायतें जिस पर डॉक्टर राकेश गुप्ता ने ड्रग कंट्रोलर को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने का कष्ट करें ,छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से खाद्य एवं औषधि प्रशासन के एडीसी एवं औषधि निरीक्षक द्वारा दवा व्यापारियों को परेशान करने की लगातार शिकायतें आ रही है हाल ही मेंरायगढ़ से प्राप्त शिकायत में जानकारी मिली है कि वरिष्ठ खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी द्वारा रायगढ़ जिले में दवा व्यापारियों से डरा धमका कर अवैध वसूली करी जा रही है। इस संबंध में आपको वरिष्ठ दवा



व्यापारी ने 19 नवंबर को फोन द्वारा सूचित कर अवगत कराया है। बिलासपुर जिले से औषधि निरीक्षक जिला औषधि विक्रेता संघ के पदाधिकारी के साथ मिलकर व्यापारियों को अलग-अलग कारण बताकर परेशान कर रहे हैं और ऐसा भी पता चला है की बड़े पैमाने पर अवैध वसूली भी कर रहे हैं, जानकारी यह भी है कि एक चिन्हित दुकान को कलेक्शन सेंटर बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार के ऊपर भ्रष्टाचार के तथ्यात्मक आरोप लगाए जाने पर माननीय स्वास्थ्य सचिव महोदय के आदेश पर संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के कार्यालय से एवं फार्मेसी काउंसिल की आंतरिक जांच चल रही है इसी बीच शिकायत करता बिलासपुर के रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट के फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन को नियम विरुद्ध जाकर फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार ने निलंबन कर दिया जिसकी एक प्रति फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष और काउंसिल के सदस्यों की बगैर जानकारी के आपके कार्यालय को भी भेजी गई। इस पर बिलासपुर के औषधि निरीक्षक ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त पत्र के आधार पर मेडिकल स्टोर के संचालक का बिना पक्ष जाने उनकी दुकान को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी कर दिया जो की बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और गैर कानूनी है जिससे प्रदेश के सभी फार्मेसिस्ट व्यथित हैं एवं लोकतांत्रिक तरीके से इस कार्यवाही का विरोध करने की तैयारी कर रहे हैं। उपरोक्त शिकायतों एवं प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के लगभग सभी जिलों से ऐसे ही दबाव पूर्वक दवा व्यापारियों से अवैध वसूली की की जा रही है जिससे कि सभी दवा व्यापारियों में भय और क्रोध का वातावरण बना हुआ है। जिसे हम कड़े शब्दों में विरोध प्रकट करते हैं एवं आप से आग्रह करते हैं विषय वस्तु को संज्ञान में लेकर यथाशीघ्र विधि अनुरूप कार्यवाही करने का कष्ट करें।

# एसआईआर नागरिकों को परेशान करने के लिए: दीपक बैज

**रायपुर 23 नवंबर।** ऐसा लग रहा है एसआईआर नागरिकों को परेशान करने के लिए किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जब से प्रदेश में एसआईआर शुरू हुआ है प्रदेश का हर मतदाता मानसिक रूप से परेशान है। लोग पहले की मतदाता सूचियों में अपने परिजनों का नाम ढूंढ रहे है, बीएलओ से अपना प्रपत्र देने की गुहार कर रहे, गणना प्रपत्र मिल भी गया तो उसको भरने और जमा करने के लिए परेशान हो रहे है। ऐसा लग रहा कि एसआईआर आम आदमी को परेशान करने का जरिया सरकार ने बना दिया है। हर आदमी अपनी नागरिकता बचाने की कवायद में लगा हुआ है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आयोग कहता है कि 97 प्रतिशत मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पहुंच गया है, धरातल पर गणना पत्रक 25 प्रतिशत घरों तक नहीं पहुंची है। जिनके घरों तक गणना पत्रक पहुंची है उसमें ये भी एक दो सदस्यों का गणना पत्रक मिल नहीं रहा है। एक ही घर में कई सदस्यों के गणना पत्रक अब तक नहीं पहुंचे है, चुनाव आयोग कागजी दावा कर रहे है। आरक्षित सीटों की संख्या कम करने आरक्षित वर्गो के नाम मतदाता सूची में काटने की साजिश से मतदाता चिंतित है। बीएलओ को भाजपा नेता कार्यकर्ता ठीक से काम करने नहीं दे रहे है। ऐसी शिकायत जगह-जगह से आ रही है। भाजपा के नेता बीएलओ पर अनुचित दबाव डाल रहे है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष होकर काम नहीं कर रहा है। भाजपा की एजेंसी की तरह काम कर रही है। चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली से ऐसा लगता है इनका फोकस कांग्रेस के कोर वोटर को मतदाता सूची से बाहर करना है। अनुसूचित क्षेत्रों में जनजाति के वोटर के नाम को काटने की बड़ी साजिश की जा रही है, ताकि विधानसभा परिसीमन के समय एसी वर्ग के लिए आरक्षित सीटों की संख्या की जा सके। वही स्थिति अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित विधानसभा सीटों पर देखी जा रही है। ये आरक्षित वर्गो की नेतृत्व खत्म करने की का षड़यंत्र नजर आ रहा है। भाजपा की नीति भी हर स्तर पर आरक्षण खत्म करने की है। सरकारी नौकरी, शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र एवं अब जनप्रतिनिधि बनने की अधिकार भी आरक्षित सीटें कम कर छीनने की साजिश रची जा रही है।

# पुलिस का बड़ा अभियान, 24 घंटे में 275 अपराधी गिरफ्तार

**रायपुर 23 नवंबर।** पुलिस की संयुक्त टीमों ने मात्र 24 घंटे में 275 आरोपियों की गिरफ्तारी कर बड़ी सफलता हासिल की। इस व्यापक अभियान में लगभग 100 टीमें शामिल रहीं, जिनके माध्यम से विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराधियों की धरपकड़ की गई। आईजी और एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर सभी राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारी सक्रिय रूप से मैदान में उतर गए। 21 नवंबर 2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों और नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में यह अभियान पूरे शहर में तेज़ी से संचालित किया गया।



अभियान में हत्या, हत्या के प्रयास, बलात्कार, आर्म्स एक्ट, मारपीट, धोखाधड़ी और अन्य गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कुल 275 स्थायी एवं अभियुक्त गिरफ्तारी वारंट तामिल किए गए,

रायपुर पुलिस ने सीमावर्ती जिलों के सहयोग से महाराष्ट्र, ओडिशा और मध्यप्रदेश से भी फरार अपराधियों को पकड़ा। सभी गिरफ्तार आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26